

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

आ रहे हैं 'राम'



वर्ष : 26 अंक : 30 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 20 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# अलौकिक, अद्वितीय अयोध्या, गूंज रहा 'श्रीराम'

## अयोध्या में बाहरी लोगों की एंट्री बंद

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में अब केवल दो



दिन शेष बचे हैं। इससे पहले अयोध्या के जिलाधिकारी ने जनता से अपील की है कि वह आज 20 जनवरी, 21 जनवरी और 22 जनवरी को अयोध्या न आएं। प्रशासन ने यह निश्चित किया है कि केवल पास धारकों को ही अयोध्या में एंट्री दी जाएगी। अयोध्या में तीन दिनों के लिए बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी गयी है।

अयोध्या इतिहास रचने के बहुत करीब है। जिस दिन का सभी सनातनियों को अरसों से इंतजार था, वो दिन बस आने ही वाला है। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में अब प्रभु विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देने वाले हैं। आज रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का पांचवा दिन है।

अब अस्थायी गर्भगृह में रामलला के दर्शन नहीं होंगे। अब 23 जनवरी से दोबारा दर्शन आरंभ होगा, लेकिन नवनिर्मित भव्य दिव्य राममंदिर में। वैकल्पिक गर्भगृह में विराजमान रामलला को नवर्निर्मित राममंदिर के गर्भगृह में स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए स्वर्ण मंडित आधार तैयार किया गया है।

### चंडीगढ़ में बन रहे 150 क्विंटल लड्डू

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले चंडीगढ़ में 150 क्विंटल लड्डू बनाए जा रहे हैं।

## श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पीएम ने की पूजा

त्रिची (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा



समारोह से पहले आज तमिलनाडु के त्रिची में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने गजानन से आशीर्वाद भी लिया। बता दें कि श्री रंगनाथस्वामी भगवान शिव के एक रूप हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में शिवलिंग की स्थापना श्रीराम और माता सीता ने की थी। पुराणों और संगम युक के ग्रंथों में इस मंदिर का जिक्र है।

कावेरी और कोलिदम नदियों के बीच एक टापू पर यह मंदिर स्थित है, जिसका विस्तार 150 एकड़ से अधिक क्षेत्र में है। चोल वंश शासकों ने इस मंदिर का निर्माण कराया था। पीएम मोदी ने श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में कंब रामायण का पाठ सुना। बता दें कि महर्षि कंबन ने इस महाकाव्य की रचना 9वीं सदी में तमिल भाषा में की थी। इसमें रावण बध करके श्रीराम के लंका से अयोध्या लौटने का वर्णन है। कंब रामायण में 10,050 पद्य हैं और बालकाण्ड से युद्धकाण्ड तक 6 काण्डों का विस्तार इसमें मिलता है।

## राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी नाराज

अयोध्या (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर कल रामलला की मूर्ति की तस्वीरें वायरल होने के बाद राम जन्मभूमि के मुख्य



पुजारी आचार्य सतेन्द्र दास नाराज हैं। राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जहां नई मूर्ति है वहीं प्राण प्रतिष्ठा के नियम हो रहे हैं। अभी शरीर को कपड़े से ढंक दिया गया है, जो आंख खुली हुई मूर्ति दिखाई गई वो सही नहीं है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले नेत्र नहीं खुलेंगे। यदि ऐसी तस्वीर आ रही है तो इसकी जांच होगी कि ऐसा किसने किया है।

भगवान राम की मूर्ति पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने से पहले भगवान राम की मूर्ति की आंखें दिखाई नहीं जा सकतीं। जिस मूर्ति में भगवान राम की आंखें देखी जा सकें, वह असली मूर्ति नहीं है। अगर आंखें देखी जा सकती हैं तो आंखें किसने दिखाई और मूर्ति की तस्वीरें कैसे वायरल हो रही हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## अलीगढ़ से पहुंचा 400 किलो का ताला-चाबी

छह महीने में बना करीब 400 किलो वजनी ताला और चाबी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अलीगढ़ से अयोध्या पहुंच गया है।



## द्वार पर सजी बाल रूप की तस्वीर



श्री राम की बचपन की तस्वीरें उस द्वार पर सजी हैं जहां से आमंत्रित लोग 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए श्री राम मंदिर में प्रवेश करेंगे।

## अयोध्या मार्ग का लगाया स्टीकर


राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने बाबर रोड रोड की पट्टिका पर अयोध्या मार्ग का स्टीकर चिपका दिया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्टीकर को हटा दिया। हिंदू सेना काफी समय से (शेष पृष्ठ-5 पर)

## बी-टेक के छात्र को ट्रक ने कुचला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के ट्रिनिटी कॉलेज के पास तेज गति में आ रहे ट्रक ने बीटेक के छात्र को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक सहित फरार हो गया। मूल रूप से अमरगढ़ पट्टी प्रतापगढ़ निवासी गौरव गुप्ता एनईआईटी कॉलेज से बीटेक कर रहा था। 18 जनवरी के दोपहर को वह अपने दोस्त कशिश पटेल के साथ मार्केट की तरफ जा रहा था। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहा ट्रक का चालक नियंत्रण खो बैठा और उसने गौरव गुप्ता को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गौरव गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में मृतक के पिता आनंद मोहन ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## गैंगस्टरों की लड़ाई में गई निर्दोष सूरज मान की जान

### नोएडा में दिनदहाड़े हत्या करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर प्रवेश मान के भाई सूरज मान की नोएडा में कल दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में थाना सेक्टर-39 पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी नोएडा पुलिस ने दिल्ली से की है। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल व एक कार बरामद हुई है।

एडीसीपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार दिल्ली से गैंगस्टर कपिल मान के भाई धीरज व मन्नू को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी सूरज मान की हत्या की वारदात में शामिल थे और इन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर दिनदहाड़े घटना को अंजाम दिया था।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच को पता चला है कि दिल्ली के गैंगस्टर प्रवेश मान और कपिल मान उर्फ कल्लू के बीच पिछले काफी समय से आपसी अदावत चली आ रही है। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## ट्रेन से गिरकर युवती की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के लाल कुआं के पास चलती ट्रेन से गिरकर एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई। युवती अपने परिजनों के साथ ट्रेन में सफर कर रही थी, अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रैक पर जा गिरी। मूल रूप से केरल निवासी मुनियासी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ ट्रेन से जा रहे थे। उनकी बेटी विष्णु प्रिया ट्रेन के दरवाजे पर खड़ी हुई थी। लालकुआं के पास अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चलती ट्रेन से रेलवे ट्रैक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने चेन खींचकर ट्रेन को रोका और जीआरपी की मदद से घायल विष्णु प्रिया को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सक विष्णु प्रिया को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जहर खाकर युवक ने दी जान

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सरफाबाद गांव में किराए पर रहने वाले युवक ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस प्रेम प्रसंग को आत्महत्या का कारण बता रही है।

थाना प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि मूल रूप से अमरोहा का रहने वाला प्रशांत पुत्र सरदार सिंह सरफाबाद गांव में किराए पर रह रहा था। वह एक निजी कंपनी में काम करता था। शुक्रवार को जब दोपहर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो पड़ोसियों ने उसका दरवाजा खटखटाया लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद पड़ोसियों ने मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो प्रशांत अंदर मृत पड़ा हुआ था। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## पारिवारिक कलह के चलते लगाई फांसी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के निठारी गांव में एक व्यक्ति ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उक्त व्यक्ति की पत्नी व बच्चे घर से बाहर गए हुए थे। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।

मूल रूप से पश्चिम बंगाल निवासी रघुनाथ सरकार अपनी पत्नी को बच्चों के साथ निठारी गांव में मनोज के मकान में किराए पर रह रहा है। बीती शाम उसकी पत्नी में बच्चे घर से बाहर गए हुए थे कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उन्हें रघुनाथ सरकार फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। रघुनाथ सरकार द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चौकी प्रभारी सत्यवीर परमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रघुनाथ सरकार तथा उसकी पत्नी के बीच अक्सर वाद-विवाद होता रहता था। कल भी किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था। वाद विवाद के बाद उसकी पत्नी किसी काम से बच्चों के साथ बाहर चली गई थी। इस दौरान रघुनाथ सरकार ने पीछे से अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## कुआं पूजन के दौरान हुई मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** लोदाना गांव में कुआं पूजन के दौरान हुडदंग मचा रहे लोगों को टोकना एक व्यक्ति को खास भारी पड़ा। टोकने से गुस्साए लोगों ने लाठी डंडों से पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना जेवर में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ईस्ट अपार्टमेंट मयूर विहार नई दिल्ली निवासी गौरव सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह बीते 13 जनवरी को अपनी ससुराल में आयोजित कुआं पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गया था। कुआं पूजन के दौरान कुछ लोग हंगामा कर रहे थे। उसने जब उन लोगों को ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ गली-गल शुरू कर दी।

इस दौरान पंकज निवासी भोपुरा गाजियाबाद व बुलंदशहर निवासी राजेंद्र उर्फ राजा ने लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट की। मारपीट होती देखकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो फरार हो गए। गौरव सिंह के मुताबिक आरोपियों द्वारा की गई मारपीट में उसके सर में गंभीर चोटें आई हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## आरडब्ल्यूए अध्यक्ष का गला दबाया

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर पी 4 आरडब्लूए के अध्यक्ष ने कुछ सेक्टर वासियों द्वारा गाली गलौज मारपीट करने तथा जान से मारने की नीयत से गला दबाने के आरोप में थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवाने की भी साजिश रच रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-पी 4 के अध्यक्ष हरेंद्र नागर ने बताया कि वह 19 जनवरी को सुबह बाल कटवाने के लिए जा रहे थे वह जैसे ही सेक्टर के गेट नंबर 4 पर पहुंचे तो वहां मौजूद

## कैफे में पेट्रोल छिड़क कर लगा दी आग

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर 118 के एक कैफे में असामाजिक तत्वों ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। आग की वजह से कैफे में रखी कुर्सियां, टेबल, डीप फ्रीजर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 50 निवासी गौरव चौधरी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर 118 में कैफे चलाता है। बीते 11 जनवरी की देवरात्रि को वह कैफे बंद कर अपने घर चला गया। सुबह करीब 4:30 बजे उसके पास फोन आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके कैफे में आग लगा दी है। वह जब मौके पर पहुंचा तो कैफे आग की लपटों में घिरा हुआ था। उसने इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग की इस घटना में कैफे में रखी 80 कुर्सी, 22 टेबल, दो डीप फ्रीजर, एक फ्रिज, दो स्क्रीन मॉनिटर, 8 कैमरे, दो अलमारी, (शेष पृष्ठ-5 पर)


## 22 को सभी वैश्विक पर्व मनाएं: नवाब सिंह नागर

### पूर्व मंत्री ने सेक्टर-34 मंदिर में सहयोगी संग की सफाई



**नोएडा (चेतना मंच)।** पूर्व जन्म के अच्छे संस्कार का परिणाम है कि तकरीबन 500 वर्षों के बाद हम सभी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का साक्षी बनने का पुण्य लाभ मिल रहा है। इस शुभ मुर्हूत को हम सभी वैश्विक पर्व मानकर इसका भरपूर सुख व पुण्य लाभ प्राप्त करें। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## 22 से पूर्व जगमगाने लगे हैं शहर मंदिर







**नोएडा (चेतना मंच)।** शासन के आदेश की तहत नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा के कई प्रमुख मंदिरों को दुल्हन की तरह सजा दिया है। इन मंदिरों की मरम्मत, सफाई, लाइटिंग, साज-सज्जा के लिए प्राधिकरण ने पूरी ताकत झोंक दी है।

मालूम हो कि सेक्टर-12, 22, 19, 2, 20, 39, 48, 71 व 105 आदि कई प्रमुख मंदिर कल शाम से ही लाइटिंग तथा रोशनी में जगमगा रहे हैं। यह सब नोएडा प्राधिकरण की सक्रिय पहल के बाद ही संभव हो सका है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर नोएडा के सारे मंदिर रोशनी तथा सफाई से जगमगाते हुए मिलेंगे।

इस बाबत पूछने पर नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक सिविल विजय रावल ने बताया कि सभी सेक्टरों के प्रमुख मंदिरों की मरम्मत, सफाई तथा लाइटिंग साज-सज्जा काफी दिनों से की जा रही है तथा कुछ मंदिरों में अभी भी तेज गति से काम चल रहा है। इसके लिए कई टीमें कार्य कर रही है तथा यह अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगा।

## चोरी के 9 मोबाइल के साथ पकड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 126 पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है उसके पास से चोरी के 9 मोबाइल फोन व एक स्कूटी बरामद हुई है।

पकड़ा गया आरोपी अपनी मजबूरी बात कर लोगों से कॉल करने के लिए मोबाइल फोन लेता था और मौका देखकर फोन लेकर रफूचक्कर हो जाता था। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के (शेष पृष्ठ-5 पर)


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com

RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com

Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!

We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.

FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available

FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## धार्मिक मान्यताएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति के दिन अपने निवास पर गायों का पूजन किया। जब आंध्रप्रदेश की पुंगनूर नस्ल की इन गायों को चारा खिलाते मोदी की खूबसूरत तस्वीरें मीडिया में आईं तो आम जनमानस ने उन्हें देर तक निहारा। इन तस्वीरों को देखकर गो-भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। हिंदू संस्कृति में प्रत्येक शुभ दिन गो-पूजा करने का विधान है। हिंदू सभ्यता एवं संस्कृति में आस्था रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति की भांति मोदी में गाय के प्रति आदर भाव स्वाभाविक तौर पर है। मकर संक्रांति पर मोदी ने जिस आदर भाव को व्यक्त किया है, वह गायों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जन-जन की प्रेरणा का स्रोत बनेगा, यह आशा की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी देश के ऐसे नेता हैं, जिनका अनुसरण उनके करोड़ों समर्थक करते हैं। मोदी जो कहते हैं, जो करते हैं, वह उनके समर्थकों के लिए अनुकरणीय हो जाता है। संदेश देने की मोदी की अपनी खास शैली है। वह उचित अवसर पर कुछ ऐसा कर देते हैं जिससे आम जनमानस प्रभावित होता है। मोदी की कार्यशैली देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। यही वजह है कि मोदी की बदौलत विभिन्न जन जागरण और सामाजिक बदलाव के कार्य सहजता से सफल हो जाते हैं। स्वच्छ भारत, फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण और जल संचय, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, सुगम्य भारत और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। ये सब देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाले और सामाजिक परिवर्तन के कार्यक्रम हैं। अब ताजा उदाहरण संक्रांति पर गायों की पूजा का है। सवाल उठता है कि संक्रांति पर पूजन के लिए मोदी ने आंध्रप्रदेश की पुंगनूर नस्ल की इन छोटे कद की गायों को ही क्यों चुना? क्या इसके पीछे मोदी की कोई संदेश देने की भावना निहित है? जी हां, बिल्कुल ऐसा ही है। मोदी ने इन गायों के पूजन के जरिए हर भारतीय को गो सेवा का संदेश दिया है। पुंगनूर गायों को इसलिए चुना गया है क्योंकि अत्यधिक पौष्टिक और औषधीय महत्व का दूध देने वाली ये गाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं और इस नस्ल को बचाने के लिए आंध्रप्रदेश में प्रयास किए जा रहे हैं। जाहिर है, मोदी ने न केवल विलुप्त हो रही इन गायों को बचाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है, बल्कि इसके साथ-साथ सभी नस्लों की गायों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी जोर दिया है। मोदी के गो संरक्षण के इस संदेश के पीछे ग्रामीण भारत को आगे ले जाने की भावना निहित है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गाय के बिना ग्रामीण भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। भारतीय सनातन संस्कृति में गाय का अत्यंत महत्व है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं के वास की धार्मिक मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं में गाय को पाप हरने वाली और वातावरण को सकारात्मकता से भर देने वाली बताया गया है। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है। विलुप्त हो रही गायों के संरक्षण के लिए समाज को आगे आना होगा।

# राहुल गांधी की पिछली यात्रा से भी कांग्रेस को नहीं हुआ था कोई फायदा

कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी अपने एवं कांग्रेस के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने के लिये एक बार फिर यात्रा का सहारा ले रहे हैं। 4000 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अब वे 6700 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकल चुके हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 ज़िलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी। कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है। मात्र 2024 के आम चुनाव के लिये निकाली गयी यह यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है। वैसे ऐसी यात्राओं से बहुत कुछ हासिल हो सकता है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछली यात्रा से न तो राहुल गांधी का कोई भला हुआ और न ही कांग्रेस का। यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने में नाकाम रही। प्रश्न है कि इस बार ऐसा क्या अनोखा होने की आशा की जा सकती है?

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान् महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में राहुल गांधी की यह राजनीतिक यात्रा नये राजनीतिक स्तस्तिक उकेरने में कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की पिछली यात्रा का विस्तार ही है। अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के संकीर्ण एवं



सीमित दायरों के कारण यात्रा का कोई चमत्कारी परिणाम मिलने में संदेह ही है। यात्राओं के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस की है तो फिर उसका नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह एक तरह से परिवारवाद को नए सिरे से पोषण प्रदान करने के साथ इस बात को रेखांकित करने का प्रयास नहीं कि मल्लिकार्जुन खरगे बस नाम के अध्यक्ष हैं? कांग्रेस की दिक्कत यह है कि उसके पास ऐसा कोई चमत्कारिक नेतृत्व नहीं रह गया है जिसके पीछे तमाम पार्टियाँ चुनावी वैतरणी पार कर जाएँ, या जिसकी एक आवाज़ पर सभी राजनीतिक दल साथ आ जाएँ। बिना राजनीतिक लाभ के विपक्षी दल कितना इस यात्रा में सहभागिता करेंगे, यह भी एक प्रश्न है।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलने से पूर्व एवं निकलते ही कांग्रेस को बड़े झटके लग गये हैं। पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दे दिया और अब असम में अपूर्ब भट्टाचार्य ने कांग्रेस के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन में बिखराव एवं टूटन की स्थितियां सीटों के प्रश्न पर बनी हुई हैं। संयोजक पद की पेशकश नीतीश कुमार ने ठुकरा दी, जेडीयू का यह कदम भी एक टूटन का ही प्रतीक है। भले ही मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया का अध्यक्ष बनाकर इस टूटन को ढंकने की कोशिश हुई है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बने मतभेद छुप नहीं पा रहे। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि यात्रा से पहले सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए। जाहिर है, सहयोगी दलों के मन में कही न कहीं यह भाव भी है कि यात्रा के जरिए अगर देश का माहौल कांग्रेस या राहुल गांधी के पक्ष में बना तो उसका लाभ विपक्षी दलों को कैसे मिलेगा? जाहिर है इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस की चालाकी एवं चतुरता को महसूस कर रहे हैं। सत्ता पक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई कमजोरी फ़िलहाल तो विपक्ष एवं कांग्रेस के पास नहीं है जिसे पकड़ कर इस यात्रा में हल्ला मचाया जाए, जनाधार बटोरा जाये। उल्टे अयोध्या और श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के कारण सत्ता पक्ष मज़बूत होता जा रहा है और इसके निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने पांवों पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है। यदि कांग्रेस या विपक्षी दल इस समारोह में भाग लेते तो उन पर लगा श्रीराम-विरोध एवं हिन्दू-विरोध का तगमा नहीं लगता, भाजपा का जनाधार का विस्तार भी निश्चित ही कुछ कम होता। राजनीति तो ऐसे अवसरों को पकड़ लेने का ही खेल है।

परिवार एवं व्यक्तिवादी सोच कांग्रेस की विडम्बना एवं विसंगति है। वास्तव में कांग्रेस में वही होना है, जो राहुल गांधी चाहेंगे। यह स्वाभाविक है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। इसमें वह कितना कामयाब होते हैं, यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि उनकी ओर से किन मुद्दों को उभारा जाता है और उन पर क्या कहा जाता है? यह तो तय है कि राहुल गांधी भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखेंगे, लेकिन ऐसा करते हुए वह यदि जनता का ध्यान आकर्षित करने के साथ कोई नया विमर्श खड़ा नहीं कर पाते तो बात बनने की बजाय बिगड सकती है। राहुल गांधी की समस्या यह है कि वह मोदी सरकार की आलोचना तो खूब करते हैं, लेकिन देश के समक्ष उपस्थित समस्याओं के समाधान का कोई प्रभावी तरीका नहीं बता पाते। राहुल गांधी देश को क्या जोड़ेंगे जब उनका इंडिया गठबंधन ही एकजुट नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस नेता मानें या न मानें भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी विपक्ष की एकजुटता एवं चुनावी प्रदर्शन को ही माना जाएगा। इस लिहाज से न्याय यात्रा के साथ ही कांग्रेस को इंडिया गठबंधन के मोर्चे पर भी तेजी से अपने राजनीतिक कौशल को आगे बढ़ना होगा। सीटों के बंटवारे के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का काम भी जितनी जल्दी निपटाया जाएगा, मतदाताओं को अपनी एकजुटता का यकीन दिलाने में उतनी आसानी होगी। ऐसा हो गया तो इस यात्रा की सबसे बड़ी सफलता होगी।

कांग्रेस भले ही न्याय यात्रा को उद्देश्य देश में फासीवादी ताकतों को रोकने, लोकतंत्र, संविधान को बचाने और भावी पीढियों के जीवन और कैरियर के निर्माण के लिए बता रही है। यात्रा लोगों के लिए न्याय की मांग, रोजगार की कमी, बढ़ती कीमतों, अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई, सरकारी कंपनियों को बंद करने और बेचने के खिलाफ है। वहीं किसानों को उचित मूल्य दिलाने तो महिला पहलवानों और अन्य लोगों को न्याय दिलाने के लिए है। मणिपुर की हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री के उदासीन और असंवेदनशील होने की बात उठाते हुए कांग्रेस भूल रही है कि ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मोदी सरकार ने ही सबसे ज्यादा ध्यान दिया है।

**-ललित गर्ग**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सुग्रीव का राजतिलक करके प्रभु ने प्रवर्षण पर्वत पर निवास किया, वह तथा वर्षा और शरद् का वर्णन, श्री रामजी का सुग्रीव पर रोष और सुग्रीव का भय आदि प्रसंग कहे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जेहि बिधि कपिपति कीस पठाए। सीता खोज सकल दिदि धाए॥**
**बिबर प्रबेस कीन्ह जेहि भाँति। कपिन्ह बहोरि मिला संपाती॥**

जिस प्रकार वानरराज सुग्रीव ने वानरों को भेजा और वे सीताजी की खोज में जिस प्रकार सब दिशाओं में गए, जिस प्रकार उन्होंने बिल में प्रवेश किया और फिर जैसे वानरों को सम्पाती मिला, वह कथा कही॥

**सुनि सब कथा समीरकुमारा। नाघत भयउ पयोधि अपारा॥**
**लंकाँ कपि प्रबेस जिमि कीन्हा। पुनि सीतहि धीरजु जिमि दीन्हा॥**

सम्पाती से सब कथा सुनकर पवनपुत्र हनुमानजी जिस तरह अपार समुद्र को लाँघ गए, फिर हनुमानजी ने जैसे लंका में प्रवेश किया और फिर जैसे सीताजी को धीरज दिया, सो सब कहा॥

**बन उजारि रावनहि प्रबोधी। पुर दहि नाघेउ बहुरि पयोधी॥**
**आए कपि सब जहँ रघुराई। बैदेही की कुसल सुनाई॥**

अशोक वन को उजाड़कर, रावण को समझाकर, लंकापुरी को जलाकर फिर जैसे उन्होंने समुद्र को लाँघा और जिस प्रकार सब वानर वहाँ आए जहाँ श्री रघुनाथजी थे और आकर श्री जानकीजी की कुशल सुनाई,॥

**सेन समेति जथा रघुबीरा। उतरे जाइ बारिनिधि तीरा॥**
**मिला बिभीषन जेहि बिधि आई। सागर निग्रह कथा सुनाई॥**

फिर जिस प्रकार सेना सहित श्री रघुवीर जाकर समुद्र के तट पर उतरे और जिस प्रकार विभीषणजी आकर उनसे मिले, वह सब और समुद्र के बाँधने की कथा उसने सुनाई॥

**दो0-सेतु बाँधि कपि सेन जिमि उतरी सागर पार।**
**गयउ बसीठी बीरबर जेहि बिधि बालिकुमार॥**

पुल बाँधकर जिस प्रकार वानरों की सेना समुद्र के पार उतरी और जिस प्रकार वीर श्रेष्ठ बालिपुत्र अंगद दूत बनकर गए वह सब कहा॥

क्रमशः

# महर्षि वाल्मीकि का आश्रम व वाल्मीकि समाज

राम कथा के इतिहास में महर्षि वाल्मीकि, विश्वामित्र और वशिष्ठ जी के आश्रम चर्चित थे। लेकिन वाल्मीकि जी के आश्रम की ख्याति का एक और कारण भी था। वे पूर्व इतिहास को लिख भी रहे थे और नए इतिहास को गढ़ भी रहे थे। इस आश्रम की प्रसिद्धि के तीन मुख्य कारण हैं। यहां बैठ कर महर्षि वाल्मीकि ने श्री रामचन्द्र जी के इतिहास को लिपिबद्ध किया था। अयोध्या नरेश श्री दशरथ और उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएं यथा राम वनवास, राम-रावण विवाद, रावण द्वारा सीता का अपहरण, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, इस सब को पहली बार वाल्मीकि महाराज ने ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए समग्र रूप में सुरक्षित किया था। लेकिन रामचन्द्र जी के इतिहास की अनेक घटनाओं का यह आश्रम साक्षी भी कहा जा सकता है। अयोध्या वापस आने पर रामचन्द्र जी के जीवन में एक लोकोपवाद का प्रसंग उपस्थित हो गया। वह किसी प्रजाजन द्वारा सीता जी पर लगाया गया आक्षेप है। रामचन्द्र जी के सामने संकट उपस्थित हो गया है। शायद सीता अपहरण से भी बड़ा संकट। उन्हें सीता पर सन्देह नहीं है। लेकिन प्रश्न सीता का तो है ही नहीं, यहां प्रश्न प्रजा का है। आक्षेप लगाने वाला राज्य की प्रजा में से है। आज की शब्दावली में कहें तो राज्य का नागरिक है।

इस स्थिति में रामचन्द्र जी के सामने अनेक विकल्प हैं। सबसे पहला विकल्प तो अंग्रेजी भाषा में कहें तो इग्नोर करने का है। ऐसे अनेक लोग भौंकते रहते हैं। दूसरा विकल्प निराधार लांछन लगाने के आरोप में दोषी को दंड देने का है। लेकिन रामचन्द्र जी ने राज्य व्यवस्था का एक नया सूत्र दिया। राज की व्यवस्था चाहे लोकतंत्र की हो, कुलीनतंत्र की हो या फिर राजतंत्र की ही क्यों न हो, राज तो लोकलाज से चलता है। यह किसी भी राज्य व्यवस्था का आदर्श या चरम बिन्दु कहा जा सकता है। इस चरम बिन्दु को व्यावहारिक रूप में धारण करना कितना मुश्किल है, वही क्षण रामचन्द्र जी के सामने उपस्थित हो गया था। यह परीक्षा की घड़ी थी। रामचन्द्र इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने सीता का त्याग कर दिया। शायद सीता भी जानती थी कि यह राजा या शासक होने का रामचन्द्र द्वारा स्वयं को दिया गया दंड ही है। राज सिंहासन यदि प्रजा द्वारा दिया गया पुरस्कार है तो प्रजा द्वारा दिया गया यह दंड भी राजा को लेना ही



*आश्रम का पूरा वाल्मीकि समाज राम कथा का गायन करता था। यह समाज राम कथा गा-गाकर राममय हो गया था। दूर-दूर से श्रोतागण इस संगीत की धारा का रसास्वादन करने के लिए पहुंचते थे। एक ऐसा वाल्मीकि समाज आकार ग्रहण कर रहा था जिसमें चारों वर्णों की योग्यता समाहित थी। वाल्मीकि समाज और राम कथा एकाकार हो गई थी।*

होगा। राजसिंहासन कांटों का ताज है। राजा यह ताज इसलिए धारण करता है ताकि प्रजा का मार्ग कंटक मुक्त हो जाए। राम को जब उनके पिता ने बनवास दे दिया था, तब राम ने उफ नहीं की थी और अब जब सीता को वनवास मिल रहा था तो उसने भी उफ नहीं की। राम भविष्य के शासकों के लिए राजधर्म के मानदंड निर्धारित कर रहे थे। राज लोकलाज से चलता है। रामचन्द्र के इतिहास का यह दूसरा हिस्सा है। रामचन्द्र स्वयं अयोध्या में हैं, लेकिन उनकी अर्द्धांगिनी वाल्मीकि के आश्रम में आ गई हैं। इस प्रकार रामचन्द्र जी के वंश के इतिहास का यह दूसरा अध्याय महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में घटित भी हो रहा है और साथ-साथ लिपिबद्ध भी किया जा रहा है। इसके बाद महर्षि वाल्मीकि, राम के इतिहास के केवल लेखक न रह कर, स्वयं उसका हिस्सा बन जाते हैं।

गर्भवती सीता महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय पाती हैं। इसी आश्रम में रामचन्द्र जी के दोनों पुत्रों लव एवं कुश का लालन-पालन होता था। इस तरह ज्ञान साधना का वाल्मीकि आश्रम शस्त्र साधना का केन्द्र भी बन गया था। यहां लव-कुश के साथ ही हजारों युवा शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। यहां देश की सामाजिक व्यवस्था में भी एक नया प्रयोग हो रहा था। अभी तक की सामाजिक व्यवस्था में जो ज्ञान अर्जित करने में रुचि रखता था, उसे शस्त्रों के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं समझी जाती थी। जो शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त करते थे, उनका ज्ञान साधना से कोई ताल्लुक नहीं होता था। लेकिन महर्षि वाल्मीकि भविष्य द्रष्टा थे। वे देश के भविष्य को देख रहे थे। हजारों वर्षों दूर के भविष्य को। अब वाल्मीकि जी से शस्त्र व शास्त्र की शिक्षा केवल लव-कुश ही नहीं ले रहे थे बल्कि सप्त सिन्धु क्षेत्र के लाखों युवा इस आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। महर्षि वाल्मीकि के लिए वे सभी लव और कुश का रूप ही हो गए थे। ये लोग सभी जातियों, सभी वर्णों के थे। आज जिनको जनजाति समुदाय भी कहा जाता है, उन समुदायों के लोग भी यहां थे। वाल्मीकि आश्रम सही अर्थों में, यदि आज की शब्दावली का प्रयोग करना हो तो समाजिक समरसता का राष्ट्रीय मंच बन गया था। लेकिन यकीनन इसमें सप्त सिन्धु क्षेत्र के लोग सर्वाधिक थे। सप्त सिन्धु क्षेत्र का ऐसा कौनसा समुदाय था जो महर्षि वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचा नहीं चला आ रहा था? यही कारण था कि उनके आश्रम में लव-कुश के साथ-साथ देश के हर हिस्से, विशेषकर सप्त सिन्धु क्षेत्र के युवा, एक साथ ही शस्त्र और शास्त्र की साधना कर रहे थे। 'शस्त्रे शास्त्रे च कौशलम्' का पहला उदाहरण भी सप्त सिन्धु क्षेत्र का यह वाल्मीकि समाज ही कहा जा सकता है। राम के इतिहास का पूर्वार्द्ध आश्रमों से ही जुड़ा हुआ था। वशिष्ठ ऋषि का आश्रम, विश्वामित्र का आश्रम। लेकिन वाल्मीकि महाराज के आश्रम की महत्ता इसलिए थी कि वे केवल श्री रामचन्द्र जी की सन्तान को ही नहीं बल्कि सामान्य युवा को भी उनके साथ ही प्रशिक्षित करके इस यात्रा के सनातन प्रवाह को आगे बढ़ा रहे थे। और यही उनके आश्रम की ख्याति का तीसरा कारण था। वे नए वाल्मीकि समाज की रचना कर रहे थे। उसे आकार दे रहे थे।

वाल्मीकि समुदाय का उदय: वाल्मीकि आश्रम में इन सभी जातियों के श्रद्धालुओं की अलग-अलग जातिगत पहचान समाप्त होकर एक नई पहचान उभर रही थी। महर्षि वाल्मीकि के शिष्य होने के नाते ये सभी अब वाल्मीकि हो गए। इसलिए ये वाल्मीकि कहे जाने लगे। सप्त सिन्धु क्षेत्र में एक नया वाल्मीकि समाज आकार ग्रहण कर रहा था। वाल्मीकि कोई जाति नहीं थी बल्कि अनेक जातियों का एक समाज था। इस समाज में जातियों का अलग स्वरूप घुल गया था। यही कारण है कि वाल्मीकि समाज में अनेक जातियों के गोत्र पाए जाते हैं। आज के सन्दर्भ में इसका साम्य तलाशना हो तो 'राधा स्वामी' समाज में देखा जा सकता है।

राधा स्वामी केन्द्र या आश्रम में आस्था रखने वाले श्रद्धालु की एक नई पहचान बनती है। यह नई पहचान राधा स्वामी कहलाती है। लेकिन राधा स्वामी कोई जाति नहीं है। राधा स्वामी समाज में अनेक जातियों के व्यक्ति हैं। दो सौ साल बाद यह जाति की पहचान राधा स्वामी पहचान में ही घुल जाएगी। उसी परिप्रेक्ष्य में वाल्मीकि समाज की पहचान को समझा जा सकता है। वाल्मीकि के आश्रम में तो एक साथ ही ज्ञान साधना, शस्त्र साधना और संगीत साधना हो रही थी। इसलिए सभी साधक संगीत में भी निपुण हो रहे थे। आश्रम में विद्वानों या ऋषि-मुनियों का आना-जाना लगा रहता था। लव और कुश दोनों भाई वाल्मीकि जी की आज्ञा से आश्रम में राम कथा का गायन करते। आश्रम का पूरा वाल्मीकि समाज राम कथा का गायन करता था। **-कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

## राशिफल

पौष शुक्ल- दशमी (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
वंडरफुल समय। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी, व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शाम तक आय में आशातीत बढ़ोतरी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। यद्यपि, गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात होगी। आनंद की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय, प्रेम के लिए अति उत्तम समय, संतान के लिए अति उत्तम समय।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। घर में कुछ उत्सव सा माहौल रहेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापार का विस्तार होगा। अपनों का साथ होगा। परेशानी दूर होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शब्द साधक की तरह दिखाई पड़ेंगे। वाणी से जिसको चाहेंगे अपनी मुट्ठी में कर लेंगे। धन का आवक बढ़ेगा।

# ‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’ का हुआ स्वागत



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रायपुरा कल क्षेत्र के गांव तिरछली एवं करौली पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुशील शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष सुनील ठाकुर एवं अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल मौजूद रहे।

इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में करोड़ों से अधिक गरीब परिवारों का अपना घर मिला है। उनमें 70 प्रतिशत की मालिक महिलाएं हैं ग्रामीण इलाकों में घरों का आकार भी बढ़ाया गया है। अब लोग अपनी पसंद का घर बनवा रहे हैं गरीबों के लिए घर बनाने की औसत अवधि पहले के 300 दिन से घटकर लगभग 100 दिन हो गई है ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और किसानों को सशक्त बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

इस अवसर पर शाहिद प्रधान मौसम खान सुनील ठाकुर अरुण राजपूत सुशील शर्मा संजय श्रीवास्तव आलोक रंजन दीपक चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# गन्ना मूल्य वृद्धि पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यकर्ताओं ने कल किसानों के गन्ना मूल्य वृद्धी करने पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया।

संगठन के नेताओं ने जिलाधिकारी के कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन देकर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा विमल पुंडीर, रिंकु शर्मा, उपदेश भाटी, हरीश शर्मा, अतुल पंडित, रामवीर भाटी, श्यामवीर चौहान, अजब सिह प्रधान आदि किसान मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा कायम करने में यूएन की भूमिका अहम : मतेजा



**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय में ‘कार्रवाई के माध्यम से शांति’ विषय पर त्रिदिवसीय एमिटी इंटरनेशनल मॉडल यूनाईटेड नेशन्स ‘एएमआईएमयूएन 2024’ का आयोजन किया गया। इस एमिटी इंटरनेशनल मॉडल यूनाईटेड नेशन के 10 सत्रों में देश के 22 राज्यों और 15 देशों से 1000 से अधिक प्रतिनिधी ऑनलाइन और ऑफलाइन हिस्सा ले रहे है।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्लोवेनिया दूतावास की राजदूत महामहिम सुश्री मतेजा वोडेब घोष ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद मुख्यत आपसी विश्वास पर आधारित होता है जिसमें अंर्तराष्ट्रीय कानूनों का आदर, महिलाओं की सहभागीता आदि है। अंर्तराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को बनाये रखने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्लोवेनिया जलवायु परिवर्तन, दुनिया भर में विश्वास और शांति का निर्माण, खाद्य सुरक्षा, जल सुरक्षा, और महिला सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रीत कर रहा है।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक व प्रसिद्ध शिक्षाविद् अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने पूरे विकास के दौरान एमिटी इंटरनेशनल मॉडल यूनाईटेड नेशन्स एक गतिशील मंच के रूप में विकसित हुआ है जो देश के अंदर विभिन्न राष्ट्रीयताओं और क्षेत्रों के सबसे प्रतिभाशाली और युवा मस्तिष्कों को एक साथ लाता है। यूएसआई में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि डेनियल जे ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मूल्यों में शांती मुख्य मूल्य है। विश्व में शांती की स्थापना के लिए प्रारंभ आपके से होगा। संयुक्त राष्ट्र में शांति स्थापना, सांख्यिकी और सरकार स्वंय से शुरू होती है और सही कारण है 1.8 अरब आबादी वाले भारत ने शासन व कूटनीति के बीच संतुलन बनाये रखा।

भारत में रशिया दूतावास के क्लचरल एटैचे मिखाइल एंटसिफेरोव व एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।





**सेक्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसायटी में 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सोसायटी को भव्य ढंग से सजाया गया है। यहां मूर्ति की भी स्थापना की गयी है। फोटो : चेतना मंच**


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1, (पी–2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/तह0-वी0के0/2110/2024 दिनांक : 18.01.2024

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है–

(ग्राम रबूपुरा, 100 मीटर चौड़ी सड़क)

| क्रम सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 938 | 1278म<br>1279<br>1280<br>1281<br>1282 | 0.0630<br>0.1640<br>0.0510<br>0.2530<br>0.5350 | में से | 0.0087<br>0.0228<br>0.0071<br>0.0352<br>0.0743<br>0.1481 | आयुष्मान सिंह पुत्र धीरेन्द्र सिंह नि० रबूपुरा |
| 2 | 938 | 1278म<br>1279<br>1280<br>1281<br>1282 | 0.0630<br>0.1640<br>0.0510<br>0.2530<br>0.5350 | में से | 0.0088<br>0.0228<br>0.0071<br>0.0352<br>0.0743<br>0.1482 | शशाँक सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह नि० रबूपुरा |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अन्दर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय/सी०आर०सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**


# पीड़ित परिवार को सौंपी सहायता धनराशि

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्राम समाउद्दीनपुर (समाधिपुर) में निर्माणधीन मकान की छत गिरने से हुए हादसे में दलित समाज की दो बेटियों की मौत की घटना को संज्ञान लेते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार की एक लाख रूपये की आर्थिक मदद की है, जिसको समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी द्वारा पीड़ित परिवार के आवास पर परिजनों को सौंपा गया।



इससे पहले उन्होंने घटना की जांच के लिए एक प्रतिनिधि मंडल का गठन किया था, जिसके सदस्यों ने 7 जनवरी को घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी थी।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस हादसे में दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद अभी तक सरकार एवं प्रशासन की तरफ से कोई मदद ना किया जाना भाजपा सरकार की संवेदनहीनता को प्रकट करता है। भाजपा का गरीब जनता की पीड़ा से कोई लेना-देना नहीं है, वह तो केवल राजनैतिक हित साधने के लिए धर्म के नाम पर देश की जनता को गुमराह कर हुए है। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य महेश आर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसान, गरीब, मजदूर, की सच्ची हितैषी है और बिना किसी भेदभाव के जनता के हित के लिए काम करती है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हमेशा गरीबों और जरुरतमंदो कि मदद के लिए खड़े रहते हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमेन गजराज सिंह नागर, जिला महासचिव सुधीर तोमर, राकेश गौतम एडवोकेट, मेहंदी हसन, राहुल आर्यन, दिगम्बर सिंह, सतवीर गौतम, युनस मेहंदी, रहिसुद्दीन मेंबर, राहुल नागर, आकाश आदि मौजूद रहे।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी, निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेंडरिग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं 1:**–निविदा सूचना संख्या: ई–निविदा –एल–26–23–24, **ई–निविदा का नाम:** एकमा रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत प्लेटफार्म सतह के सुधार के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत: ₹13030005.02, अमानत राशि: ₹215200.00, कार्य समापन का समय: 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय: 09.02.2024 को 14.30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 09.02.2024 को 14.30 बजे। **क्रम सं 2:**–निविदा सूचना संख्या: ई–निविदा –एल–27–23–24, **ई–निविदा का नाम:** वाराणसी मंडल में एलएचबी कोचों के आरएमपीयू के एनटीसी सेंसर, ओएचपी और ईटीएसआई के स्थानों का मानकीकरण। अनुमानित लागत: ₹987070.00, अमानत राशि: ₹19800.00, कार्य समापन का समय: 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय: 09.02.2024 को 14.30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 09.02.2024 को 14.30 बजे। उपरोक्त ई–निविदा कार्यो के पूर्ण विवरण एवं निविदा में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेले की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0**
**मुजाधि/विद्युत–253 वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

**सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि परिचालनिक कारणों से निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शाए गए विवरणानुसार निरस्त रहेंगी:**

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 04469 रेवाड़ी जं. – दिल्ली जं. डीएमयू एमईएक्स विशेष | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 04461 दिल्ली जं. – रोहतक जं. डीएमयू एमईएक्स विशेष | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 19701 जयपुर जं. – दिल्ली छावनी सैनिक एक्सप्रेस | 20.01.2024, 27.01.2024 |
| 19702 दिल्ली छावनी – जयपुर जं. सैनिक एक्सप्रेस | 22.01.2024, 29.01.2024 |
| 20409 दिल्ली छावनी – बठिण्डा जं. सुपरफास्ट | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 20410 बठिण्डा जं. – दिल्ली छावनी सुपरफास्ट | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 14727 श्रीगंगा नगर जं. – तिलक ब्रिज एक्सप्रेस | 20.01.2024, 27.01.2024 |
| 14737 भिवानी जं. – तिलक ब्रिज एक्सप्रेस | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 14738 तिलक ब्रिज – भिवानी जं. एक्सप्रेस | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 14728 तिलक ब्रिज – श्रीगंगा नगर जं. एक्सप्रेस | 21.01.2024, 28.01.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें। पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
245/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सीटू नेता पर हमले की निंदा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रोहतक में आईएमएस ने एसडीएम द्वारा कल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भेजकर सीटू के राज्य उपाध्यक्ष कामरेड सतवीर सिंह जिला सचिव विनोद ने सीटू नेता गंगेशवर दत्त शर्मा पर हुए हमले की निन्दा करते हुए दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# ग्रेनो प्राधिकरण पर 30 को प्रदर्शन




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** किसान सभा ने कल जैतपुर कार्यालय पर किसान मजदूर दिवस मनाया। सभा ने निर्णय लिया कि 30 जनवरी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर गबरी मुखिया, सतीश यादव अमित नागर आकाश नागर मोहित नागर प्रशांत भाटी पदम सिंह यादव संजय यादव किसान सभा की केंद्रीय कमेटी के सदस्य पुष्पेंद्र त्यागी लक्ष्मी नारायण शर्मा आदि उपस्थित रहे।


**शराब छुड़ाए बिना बताए**
*अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें*
**नशा मुक्ति केन्द्र**
नोएडा
नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास
रोजाना 1 से 4 बजे तक (मंगलवार बन्द)
फरीदाबाद
सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट (बीकानेर मिष्ठान भण्डार)
(सिर्फ हर मंगलवार) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक
मो०-9818250344



**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**
ISO 9001:2008
**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, Pl-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

**RNI No. 69950/98**

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक:-2007/निर्माण/न0पा0परि0दा0/2023-24 दिनांक:19/01/2024

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा जिलाधिकारी महोदय, गौतमबुद्धनगर के मौखिक निर्देश दिनांक 18.01.2024 के क्रम में नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा विभिन्न वार्डों में 15वां वित्त आयोग की अनटाईड ग्रान्ट के कायाकल्प योजना के अन्तर्गत 04 निर्माण/विकास कार्यों की ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में ई0/ डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ठेकेदारों / फर्मों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 06.02.2024 को समय सांय 04.00 बजे तक ऑमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए ई-निविदा दे सकता है। ई-निविदाओं का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। यदि ई-निविदा खोलने की तिथि को सक्षम अधिकारी की अनुपलब्ता होने के कारण या सार्वजनिक अवकाश घोषित होने पर ई-निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

निविदा की समय सारणी (www.etender.up.nic.in पर)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि / समय | दिनांक 21.01.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | दिनांक 21.01.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 3. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | दिनांक 06.02.2024 को सायं 04.00 बजे तक |
| 4. | ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि / समय | दिनांक 06.02.2024 को सायं 05.00 बजे से |

नोट:- ई-निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in बेबसाईट को लगातार देखते रहें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**दादरी (गौतमबुद्धनगर)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**दादरी (गौतमबुद्धनगर)**

# दीपावली मनाएं, 2024 में कमल खिलाएं : सांसद

## 'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जनमानस से संवाद



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों के तहत गौतमबुद्धनगर के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धरारी, बिचौला, फराना, नगला महीउद्दीनपुर, ढाकर निजामपुर, इक्का ताजपुर उर्फ सिकरा, समसपुर, मधुपुरा में निवासियों से संवाद किया तथा आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार पुन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कमल खिलाने की आह्वान किया।

उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे 2024 में पुन: तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करें।

इस क्षेत्र का विकास आप लोगों के आशीर्वाद एवं सहयोग से ही मुझे ताकत मिली और मेरे द्वारा हमारे सभी सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सभी ने अपनी निधि का उपयोग क्षेत्र के विकास में किया। डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है।

सांसद ने आह्वान किया कि सभी राम भक्त एवं सभी जनमानस अयोध्या में भगवान श्री राम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर दिवाली की तरह अपने घरों को जगमगाये एवं दीप जलाये।

कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि खुर्जा सत्य प्रकाश सिंह, विधायक खुर्जा श्रीमती मीनाक्षी सिंह, पूर्व विधायक बिजेन्द्र सिंह खटीक, भगवान दास सिंघल, धर्मेन्द्र भाटी आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# ..ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके योजनाओं का लाभ : सुरेन्द्र नागर

## जेवर के नीमका व शमशम नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर की अध्यक्षता में जेवर के ग्राम पंचायत शमशमनगर एवं नीमका में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रचार वैन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सजीव प्रसारण प्रसारित किया गया।



सांसद सुरेंद्र नागर, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, सदस्य विधान परिषद श्रीचन्द शर्मा, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, डे नोडल अधिकारी/पशु चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डा0 सीमा, सहायक प्रबन्धक यमुना विकास प्राधिकरण संजय श्रीवास्तव, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा प्राधिकरण के अधिकारीगण, संबंधित अधिकारियों, जनसामान्य एवं लाभार्थियों ने प्रसारण का अवलोकन किया। सजीव प्रसारण के उपरांत राज्य सभा सांसद ने आयोजित कार्यक्रम में जनसामान्य को पंच प्रण की शपथ दिलाई।

श्री नागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरुक करते हुए उनको योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सीधा लाभ पहुंच सके और कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उद्बोधन के उपरान्त राज्य सभा सांसद द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नये कनेक्शन, आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा संबन्धित विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुये जनसामान्य से वार्ता की गयी।

इस अवसर पर लाभार्थियों द्वारा अपने-अपने विचार एवं अनुभव भी साझा किये गये। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# साइंस मॉडल कंप्टीशन में उत्कर्ष व ओम का चयन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** एम3एम फाउंडेशन के तत्वाधान में जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा में साइंस मॉडल कंप्टीशन का आयोजन किया गया। एम3एम फाउंडेशन द्वारा 18-20 अप्रैल 2024 तक आयोजित होने वाले नासा के ह्यूमन एक्स्प्लोरेशन रोवर चेलेंज 2024 के अनचार्टेड टेरीटरीज में वाईएमआरडी की 'टीम काईजेल' को सपोर्ट कर रही है। इस कंप्टीशन में नोएडा के सरकारी स्कूलों से करीब 100 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। आयोजित प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जूरी सदस्सों ने सभी मापदण्डों से गुरजते हुये नोएडा के उत्कर्ष और ओम का चयन किया और अब ये दोनों छात्र टीम काईजेल का हिस्सा बन गए है, जो नासा ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चेलेंज 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में वीआरएसबी इंटर कॉलेज ग्रेटर नोएडा के 15 वर्षीय उत्कर्ष, जिनका प्रोजेक्ट इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई विदाउट फायर था एवं भैरव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर नोएडा से ओम, जिनका प्रोजेक्ट मार्स रोवर था। इस अवसर पर जूरी सदस्य में जिला साइंस कोआर्डिनेटर डा0 अर्चना शिरोमणि, एम3एम फाउंडेशन डॉ ऐश्वर्य महाजन, गोपाल, यंग चीफ साइंटिस्ट आशीष कुमार सिंह व जिला दिव्यांग्जन सशक्तिकरण अधिकारी मौजूद रहे।

# डबल इंजन की सरकार से करोड़ों लाभार्थी हुए लाभान्वित: कैप्टन विकास गुप्ता



नोएडा/वैशाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के हर गरीब, वंचित, शोषित तथा जरूरतमंदों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। जिसका लाभ करोड़ों लोग उठा रहे हैं। आज तक देश व प्रदेश में किसी भी सरकार ने इतनी कल्याणकारी योजनाओं नहीं चलाई। यह कहना है उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उददेश्य हर कल्याणकारी योजनाओं को बारे में लोगों को जागरूक करना है ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति इस लाभ से वंचित न रहे। वे वैशाली के सेक्टर-1 में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व उन्होंने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री पप्पू पहलवान, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, हरिओम शर्मा समेत कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए खुद ही लड़ना होगा: मेधा रूपम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए खुद ही लड़ना होगा। महिलाओं को खुद से जुड़े निर्णय करने का अधिकार किसी और को नहीं देना चाहिए। यह बात ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने कार्यस्थलों पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के प्रति अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक करने और संवेदनशील बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला में कही।



दरअसल, कार्यस्थलों पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण , प्रतिशेध एवं प्रतिरोध) अधिनियम के अंतर्गत अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक और संवेदनशील बनाने के लिए गठित समिति की तरफ से कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार 19 जनवरी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में दोपहर 3.30 बजे भूतल स्थित सभागार में किया गया। जिसमें ह्यूमन टच फाउंडेशन की प्रतिनिधि डॉ उपासना सिंह ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाने के लिए जानकारी दी गई।

कार्यशाला में शामिल एसीईओ मेधा रूपम ने लड़का-लड़की में हो रहे भेदभाव पर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि शादी का मतलब लड़कियों का अपने घर से दूसरों के घर जाना नहीं है, बल्कि ये दो परिवारों का मिलन होता है। इसलिए शादी के बाद भी एक लड़की अपने माता-पिता का ख्याल रख सकती है। इसके लिए बेटा होना ही जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि बहू और बेटी में फर्क को भी खत्म करना होगा। लड़का-लड़की में भेदभाव को खत्म करने की शुरुआत घर से करनी होगी। एक लड़की को भी सभी तरह के गेम में हिस्सा लेने की छूट होनी चाहिए।

एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए कोई सीमा तय नहीं की जानी चाहिए। उन्हे भी पूरा अवसर मिलना चाहिए। इस कार्यशाला में प्राधिकरण की आंतरिक परिवाद समिति की अध्यक्षा अर्चना द्विवेदी, सदस्या रश्मि सिंह, ओएसडी सतीश कुशवाहा, ओएसडी जितेन्द्र गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार व चेतराम सिंह, प्रबंधक केएम चौधरी व नरोत्तम चौधरी प्राधिकरण के तमाम अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

# डीएम ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन सामान्य को समय से उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जनपद में बहुत ही माइक्रो प्लान के साथ संचालित किया जाए ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन-जन तक सरलता के साथ पहुंच सके।



उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं में एचआरपी को चिन्हित किया जाए एवं उनको शत-प्रतिशत उपचार प्रदान किया जाए। उन्होंने ई-कवच ऐप पर पंजीकरण, टीकाकरण आदि फीडिंग कार्यो की समीक्षा करते हुये नाराजगी व्यक्त की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डॉक्टर सुनील शर्मा, डीपीएम मंजीत कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# बच्चियों से दरिंदगी करने वाले को 20 साल की सजा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा कमिश्नरेट पुलिस द्वारा चलाए जा रहे OPERATION CONVICTION के तहत नोएडा पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में पुलिस व अभियोजन इकाई की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप दो मासूम बच्चियों से दरिंदगी करने वाले एक मकान मालिक को कोर्ट ने बीस साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी मकान मालिक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट ने जुर्माने की राशि पीड़ति परिवार को देने के आदेश दिए हैं।

एडीजीसी चमन भाटी के अनुसार, 4 अप्रैल 2019 को नोएडा के थाना सेक्टर-20 में पांच और सात साल की दो मासूम बच्चियों के पिता ने अपने मकान मालिक चंद्रिका कबाड़ी पुत्र फूलेभर निवासी सेक्टर-12 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ति का कहना था कि उसके और उसकी पत्नी के काम करने के लिए घर से बाहर जाने के दौरान मकान मालिक चंद्रिका कबाड़ी उसकी पांच और सात साल की दो बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाता था। मकान मालिक दोनों बच्चियों से दुष्कर्म करता था।

पुलिस ने केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान छह गवाहों और दोनों पीड़िताओं ने बयान दर्ज कराए। अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वितीय चंद्रमोहन श्रीवास्तव की अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद चंद्रिका उर्फ कबाड़ी को बच्चियों से रेप का दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट की मीडिया सेल के अनुसार, एक अन्य मामले में कोर्ट ने रोशन सिंघल पुत्र ब्रह्मानंद सिंघल निवासी गांव चौड़ा, सेक्टर-22, थाना सेक्टर-24, नोएडा को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि एवं 5000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जुर्माना अदा न करने पर 25 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने विमल पुंडीर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों के बीच प्रदेश भर में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने 25 किसान मोर्चा के जिलाध्यक्षों के नाम घोषित किए हैं।



भाजपा ने जिन 25 किसान मोर्चा के जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। इसमें गौतमबुद्धनगर भी शामिल है। गौतमबुद्धनगर में भाजपा किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष विमल पुंडीर को बनाया गया है। उप्र किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने बताया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष किसानों के बीच जाकर उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की लाभाकारी योजनाओं के बारे में बतायें। गौतमबुद्धनगर में नवनियुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमल पुंडीर भाजपा में पिछले काफी समय से सक्रिय हैं। उनकी माता श्रीमती सुधा सिंह पुंडीर दो बार भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रह चुकी हैं। विमल पुंडीर को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके सहयोगियों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी हैं। वहीं भाजपा ने गाजियाबाद किसान मोर्चा की जिम्मेदारी नीरज त्यागी को सौंपी है।



# प्राण प्रतिष्ठा के दिन मनाएंगे दीपावली

## ब्रह्म समाज एकता समिति ने लिया फैसला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ब्रह्म समाज एकता समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक सेक्टर 22 स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में अयोध्या में नव निर्मित भव्य मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी घरों में पूजा अर्चना तथा दीपक जलाकर दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया।

समिति के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव कुंवर अमित राज दिक्षित एवं वैश्य समाज के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर सत्यदेव गुप्ता तथा मेरठ जोन के प्रभारी पंडित राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने पर चर्चा की गई।



मेरठ जोन के प्रभारी पंडित राजेंद्र शर्मा ने आह्वान किया कि आगामी 22 जनवरी को प्रत्येक मंदिर पर समिति कार्यकर्ताओं द्वारा पूजा अर्चना के विशेष कार्यक्रम किए जाएं। शाम के समय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम की आराधना करें और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

उन्होंने समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्येक बूथ पर टीम बनाकर मतदाताओं से संपर्क करने का भी आह्वान किया।

श्री शर्मा ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर स्वर्ण सम्मेलन आयोजित कराकर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य किया जाए।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर मुकेश शर्मा, नगर अध्यक्ष कालू शर्मा, योगेंद्र शर्मा, सलाहकार रजत शर्मा एड, रमेश छिववर, ध्रव शर्मा, हिमांशु शर्मा, अंकित शर्मा, मूलचंद्र शर्मा, दीपांश शर्मा, कमल शर्मा आदि कार्यकर्ता एवम पधाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी पहुंचे ग्रेटर नोएडा

**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी ब्लॉक के ग्राम-कठेहरा में प्रताप सिंह क्रिकेट एकेडमी में आयोजित प्रथम ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री व हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम माँझी तथा प्रदेश अध्यक्ष दयाराम जाटव ने किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा कि आज के आधुनिक युग में जितनी पढ़ाई ज़रूरी है उतना ही खेल बेहद ज़रूरी है। उन्होंने क्रांतिकारी स्वर्गीय बाबा राव उमराव सिंह भाटी के योगदान की सराहना की और कहा कि आज़ादी के समय बहादूर योद्धा की तरह उन्होंने अंगेजों के ख़िलाफ़ बिगुल फुंका था। टूर्नामेंट का पहला मैच दातावली गाँव व सोरखा (नोएडा) की टीम के बीच खेला गया। जिसमें 16रन से सोरखा टीम विजयी रही। मेन ऑफ़ दा मैच सचिन यादव रहे। आपको बता दें कि इस टूर्नामेंट में 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं।



इस मौके पर देवा भाटी (जिला पंचायत सदस्य), सुखपाल प्रधान, श्याम ठेकेदार, राकेश प्रधान, जग्गी प्रधान, सेवा राम नेता, लटुर राव साहब, विजयपाल भाटी, प्रदीप भाटी बी.डी.सी, मनोज भाटी, दीवान, रिषिपाल भाटी, कुलदीप भाटी, एडवोकेट अतुल भाटी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान टीकम सिंह ने की व संचालन श्यामवीर प्रधान (कठेहरा) मैंनेज़र मिहिर भोज पोस्ट ग्रेजुएट कालिज दादरी ने किया। मैच की कमेंट्री डाक्टर सुबोध भाटी ने की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए, जिसमें ज़िलाध्यक्ष अनिल भाटी, दादरी विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट नरेश भाटी, ज़िला उपाध्यक्ष सचिन भाटी, ज़िला महासचिव गौरव भाटी, सचिव रोबिन भाटी, कोषाध्यक्ष संदीप भाटी, ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष सोनिया शर्मा शामिल हैं।

# ममेरे भाइयों ने साजिश रच बेच दी जमीन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कलयुग के इस दौर में रिश्तों पर दौलत की भूख भारी पड़ रही है। रिश्तो को दरकिनार कर लोग अपनों के साथ ही धोखाधड़ी करने से पीछे नहीं है। ऐसा ही एक मामला थाना जेवर क्षेत्र में प्रकाश में आया है। चुहडपुर गांव में ममेरे भाइयों ने अपनी बुआ के लड़के की जमीन को फर्जी बैनामे के आधार पर बेच दिया। पीड़ित ने न्यायालय के निर्देश पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम चुहडपुर निवासी फरियाद ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके ममेरे भाई शगीर व कदीर ने 22 अगस्त वर्ष 2007 में उसकी अनुपस्थिति में सब रजिस्टार जेवर में उसकी कृषि योग्य भूमि को अपनी मां बानो के नाम रजिस्टर कर लिया था। इस बात की जानकारी मिलने पर उसने 10 अप्रैल 2008 को सिविल जज जूनियर डिवीजन में इस बैनामे को चैलेंज किया। पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने 14 सितंबर 2015 को इसे मन्नसूख घोषित कर दिया। उक्त मामले में न्यायालय में अभी भी मामला विचाराधीन है। पीड़ित के मुताबिक शगीर व कबीर ने 2576 मीटर भूमि सावित्री, कोमल व पूजा से मिलकर बेच दी। भूमि के मूल कागजात खतौनी में भी आरोपियों का नाम नहीं है और ना ही उनका कोई हक है। इसके बावजूद भी आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए उसकी जमीन का बैनामा कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर शगीर, कबीर, सावित्री, कोमल सिंह व पूजा के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# यूट्यबर भोलू भाटी के घर फायरिंग करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यूट्यूबर इनफ्लुएंसर भोलू भाटी द्वारा आपत्तिजनक वीडियो को प्रमोट किया जाने से इनकार करने पर युवकों ने दहशत फैलाने के लिए उसके घर पर फायरिंग मामले में थाना ईकोटेक-1 पुलिस ने दो और आरोपियों को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक वेन्यू कार को भी सीज किया है। यूट्यबर भोलू भाटी के सोशल मीडिया पर साढ़े तीन लाख से ज्यादा फॉलोवर हैं।



आपको बता दें कि बूढ़ा घरबरा गांव निवासी सुखबीर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बताया कि बीते 13 जनवरी को वह अपने परिजनों के साथ घर पर थे। रात्रि करीब 10:30 बजे उन्हें घर के बाहर गोली चलने की आवाज सुनाई दी फायरिंग की आवाज सुनकर ।उन्होंने बाहर जाकर देखा तो वहां कोई नहीं था। इसके बाद जब उसने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो उसमें एक बाइक पर दो लड़के आते हुए दिखाई दिए। बाइक सवार ने उनके घर के दरवाजे पर फायरिंग की और भाग गए।

पीड़ित के मुताबिक घटना वाले दिन कोहरा अधिक होने के कारण सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवरों के चेहरे साफ नहीं दिख रहे हैं। सुखवीर सिंह का कहना है कि बीते 10 जनवरी की रात्रि को भी एक कार में सवार बदमाशों ने उसके घर के तो आगे हवाई फायरिंग की थी। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को भी दी थी।

थाना प्रभारी अनुज पवार ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर इस मामले में ग्राम मोहियापुर निवासी लहर उर्फ लोकेश को कल गिरफ्तार किया गया था। इसके पास से 32 बोर की पिस्तौल कारतूस तथा वेन्यू कार बरामद हुई है। पुलिस ने इसके दूसरे साथी यश नागर व नितीश निवासी सादुल्लापुर को भी गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पिस्टल, बाइक व तीन कारतूस बरामद हुए हैं।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपी लहर उर्फ लोकेश ने बताया कि वह भी यूट्यूब के लिए वीडियो बनाते हैं। सोशल मीडिया पर अपनी वीडियो को प्रमोट करने के लिए उन्होंने भोलू भाटी से संपर्क किया था। उनके द्वारा बनाई गई वीडियो में अवैध असलाहों का प्रदर्शन किया गया था। जिस कारण भोलू भाटी ने उनकी वीडियो को प्रमोट करने से इनकार कर दिया था।

# ट्रकों से बैटरी चुराने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ट्रकों से बैटरी व अन्य सामान चोरी कर ले जा रहे तीन चोरों को थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से ट्रकों से चोरी की गई दो बैटरी सामान व चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी सरिता सिंह ने बताया कि बीती रात्रि व पुलिस टीम के गश्त पर थी। तभी उन्हें तीन युवक दो बैटरी ले जाते हुए दिखाई दिए। संदेह के आधार पर पुलिस ने युवकों रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर भाग निकले पुलिस कर्मियों ने तीनों को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपने नाम मोनू ,लोकेश व आशीष बताए। उन्होंने बताया कि वह सड़क किनारे खड़े ट्रकों की बैटरी व ट्रकों में लोड सामान को चोरी कर ले जा रहे थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि उनके पास से ट्रैकों से चोरी की गई दो बैटरी सामान वह चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। आरोपियों ने क्षेत्र में चोरी की कई अन्य घटनाओं को भी अंजाम देना स्वीकार किया है।

# कार से लैपटॉप चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर 76 की स्थित अजनारा शॉपिंग कांप्लेक्स के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने लैपटॉप पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर-77 गृह प्रवेश अपार्टमेंट निवासी विनायक कश्यप ने बताया कि वह कुछ सामान खरीदने के लिए सेक्टर 76 के अजनारा शॉपिंग कांप्लेक्स में गए थे। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर दी और खरीदारी करने के लिए चले गए कुछ समय बाद जब वापस लौटे तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ और कार में रखा लैपटॉप गायब मिला। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

# पृष्ठ एक के शेष....

**राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी ....**

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी के 11 दिवसीय अनुष्ठान पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि जो व्यक्ति अनुष्ठान करता है उसे फर्श पर सोना होता है। अनुष्छान करने वाला व्यक्ति झूठ नहीं बोलता, जप करता है। वह गायत्री मंत्र जैसे मंत्रों का जाप करता है। सत्येंद्र दास ने कहा कि उस व्यक्ति को पत्ते पर भोजन करना होता है और ब्रह्मचर्य का पालन करना होता है।

**अयोध्या मार्ग का ....**

बाबर रोड का नाम बदलने की मांग उठा रही थी।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह बाबर रोड के साइन बोर्ड पर अयोध्या मार्ग का पोस्टर चिपका दिया गया। एनडीएमसी के द्वारा लगाए गए साइन बोर्ड पर हिंदू सेना ने यह पोस्टर लगाया। उसकी जिम्मेदारी हिंदू सेना ने ली।

**कुआं पूजन के दौरान....**

सुधांशु, गोविंद, नीरज, शिवकुमार, जयपाल ने उनके साथ गाली गलौज की। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से उनका गला दबा दिया। हरेंद्र नागर के मुताबिक आरोपी उस पर आए दिन व्यंग्य करते हैं और अपनी पत्नियों के साथ मिलकर उसे झूठे मुकदमे में फंसने की साजिश रचते रहते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी आरोपियों ने कई बार उनके साथ बुरा व्यवहार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की है।

**कैफे में पेट्रोल....**

चार काउंटर व अन्य सामान जलकर राख हो गए थे। गौरव चौधरी के मुताबिक मौके पर पेट्रोल की महक आ रही थी । उन्होंने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके कैफे में पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को कंगाल कर आग लगाने वाले की तलाश की जा रही है।

**22 को सभी वैश्विक पर्व ....**

इस अवसर पर सभी अपने आसपास के मंदिरों की सफाई करके वहां हवन-पूजन व कीर्तन मनाकर दीपावली मनाएं।

यह उदगार व्यक्त किए भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश के पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने। वे सेक्टर-34 मंदिर में सफाई करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा सरकार के सतत प्रयासों का ही यह परिणाम है कि आज पूरा देश 22 जनवरी को शुभ क्षणों का गवाह बनने जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने कई सहयोगियों के साथ इस अभियान में हिस्सा लिया। तथा मंदिर की सफाई की। इस अभियान में मुख्य रूप से विनोद पारिख,अनुराग,पुष्पा भट्ट, केबी शर्मा,सुभाष चौहान,अनिल कुमार पांडेय, भूप सिंह भाटी शामिल हुए।

**जहर खाकर युवक ने....**

जहरीला पदार्थ खाने के कारण उसका शरीर नीला पड़ा हुआ था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि प्रशांत का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उन्होंने आशंका जाता है कि संभवत इसी कारण उसने जहर खाकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

**गैंगस्टरों की लड़ाई में....**

बीते वर्ष 2018 में प्रवेश मान के भाई अनिल मान की गैंगवार के चलते दिल्ली के काटजू मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या में गैंगस्टर कपिल मान उर्फ कल्लू तथा उसके गुर्गों का नाम आया था। वर्तमान में प्रवेश मान और कपिल मान दोनों ही दिल्ली की जेल में बंद है। उनके गुर्गे एक-दूसरे के परिजनों को निशाना बनाकर हत्या की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक नोएडा में गैंगवार में मारा गया सूरज मान कुख्यात गैंगस्टर प्रवेश मान का भाई था। प्रवेश शुरुआत में कुख्यात नीरज बवाना गिरोह से जुड़ा था। इसके बाद उसने अपना अलग गिरोह बनाकर प्रॉपर्टी डीलरों व्यापारियों से वसूली का काम शुरू कर दिया। आपसी अदावत के चलते प्रवेश मान ने अपने गांव के सूर्य प्रकाश उर्फ बबलू कि वर्ष 2018 में दिल्ली के अशोक विहार में हत्या कर दी थी। बबलू के भतीजे कपिल मान ने अपने चाचा की हत्या का बदला लेने के लिए वर्ष 2018 में प्रवेश मान के भाई अनिल उर्फ बंटू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस का कहना है कि गैंगवार के चलते ही गैंगस्टर कपिल मान के भाई धीरज मान ने अपने साथियों के साथ मिलकर सूरज मान की हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में नामजद दो आरोपी शक्तिमान और अजीत की पुलिस तलाश कर रही है।

**चोरी के 9 मोबाइल ....**

आधार पर पुलिस ने पुश्ता कट से स्कूटी पर जा रहे एक युवक को जांच के लिए रोका। तलाशी में इसके पास से 9 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रवीण गुप्ता पुत्र राम राजकुमार गुप्ता निवासी संगम विहार दिल्ली बताया। प्रवीण गुप्ता ने स्वीकार किया कि उससे बरामद मोबाइल चोरी के हैं। वह लोगों को अपनी मजबूरी बताकर कॉल करने के बहाने उनसे फोन ले लेता था। फोन करने के दौरान मौका पाकर वह फोन लेकर चला जाता था।



## पीएम आवास योजना की बुजुर्ग महिला लाभार्थी ने सांसद को बताया 30 हजार की घूस दी

### –सांसद ने कहा फौरन मामले को दिखवाइए

बदायूं । यूपी के बदायूं में हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें बीजेपी सांसद धर्मेंद्र कश्यप एक महिला लाभार्थी को पीएम आवास योजना के तहत घर की चाबी सौंप रहे हैं। घर की चाबी देते हुए सांसद बुजुर्ग महिला से पूछते हैं कि किसी ने पैसे (घूस) नहीं लिए? इसपर महिला ने कह दिया, हां लिए हैं, 30 हजार रुपये। बता दें कि बुजुर्ग लाभार्थी महिला उसावां नगर पंचायत की शारदा देवी हैं, जिन्हें बीजेपी सांसद कश्यप पीएम आवास योजना की चाबी सौंप रहे थे और तमाम लाभार्थियों से उनका अनुभव और भावनाएं जान रहे थे। तभी शारदा देवी को चाबी सौंपकर पूछा कैसा लग रहा है, किसी ने पैसे तब नहीं लिए। इस सवाल के जवाब में शारदा देवी ने कहा कि हां, आवास दिलवाने के नाम पर 30 हजार रुपये दिए थे। शारदा ने ये बात माइक पर बोली थी। जिस पर पहले सभी लोग हंसने लगे लेकिन सांसद ने उन्हें तुरंत टोककर कहा कि ये बहुत गंभीर मामला है। इस दिखवाइए। बीजेपी के कार्यक्रम के दौरान मंच पर सांसद धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं सांसद संघमित्रा मौर्य, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व मंत्री सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी सौंपने का कार्यक्रम चला। इसी क्रम में बुजुर्ग महिला शारदा देवी को बुलाया गया।

## सिसोदिया को फिर बड़ा झटका...न्यायिक हिरासत 5 फरवरी तक बढ़ी

नई दिल्ली । दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित शराब घोटाला मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को फिर बड़ा झटका दिया है। उनकी न्यायिक हिरासत 5 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई से जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सिसोदिया के साथ-साथ अन्य आरोपियों की हिरासत भी 5 फरवरी तक बढ़ा दी है। शुक्रवार को उनकी न्यायिक हिरासत खत्म हुई थी, जिसके बाद उन्हें पेश किया गया था। कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर सीबीआई से पूछा है कि मामले की जांच कहां तक पहुंची है। वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेल अधिकारियों को फटकार भी लगाई। दरअसल सिसोदिया को शुक्रवार को वर्चुअल तरीके से पेश किया गया था। इसकारण कोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को फटकार लगाकर पूछा कि सिसोदिया को व्यक्तिगत रूप से पेश क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले में तिहाड़ जेल अधिकारियों से जवाब मांगा है और 5 फरवरी को सिसोदिया को कोर्ट में पेश फिजिकली पेश करने का आदेश दिया है। बता दें, मंगलवार को ही सिसोदियो एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती हुए थे। उन्हें आर्थोपेडिक परेशानियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लग चुका है, जिसमें उनकी जमानत याचिका और फिर समीक्षा याचिका को भी खारिज किया जा चुका है।

## सपा और रालोद के बीच हुआ गठबंधन, सात सीटों पर लड़ेगा रालोद

लखनऊ । उप्र विधानसभा चुनाव-2022 में गठबंधन कर चुनाव लड़ने वाली समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के बीच अब लोकसभा चुनाव को लेकर भी सहमति बन गयी है। साथ ही आगामी लोकसभा चुनावों से पहले समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के बीच सीटों को लेकर तालमेल हो गया है। शुक्रवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राजधानी में मुलाकात की है। सपा की तरफ से राष्ट्रीय लोकदल को यूपी में 7 सीटें दी गई हैं। सपा ने आरएलडी को मेरठ, अमरोहा, कैराना, बागपत, मथुरा, मुजफ्फरनगर और बिजनौर सीट दी हैं। माना जा रहा है कि इन सीटों पर आरएलडी के वोटों का समीकरण काफी आसान है और इन पर जीत दर्ज की जा सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के जरिये गठबंधन की घोषणा की। अखिलेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रीय लोक दल और सपा के गठबंधन की सभी को बधाई। जीत के लिए सभी एकजुट हो जाएं, जुट जाएं।'' 'एक्स' पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के ट्वीट को दोबारा पोस्ट करते हुए जयंत चौधरी ने 'एक्स' पर लिखा, ''राष्ट्रीय, संवैधानिक मूल्यों के रक्षा के लिए सदैव तत्पर, हमारे गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं से उम्मीद है, अपने क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए कदम मिलाकर आगे बढ़ें।'' वहीं, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि फिलहाल अभी तक इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। पिछले चुनावों में आरएलडी ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। जबकि इस बार सपा की तरफ से उसे सात सीटें दी गई हैं।

## देश में अमीर और गरीब सभी बच्चों को समान शिक्षा मिले : केजरीवाल

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के अंदर अमीर और गरीब सभी बच्चों को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए। केजरीवाल ने एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवार्ड 2023 समारोह में 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 218 बच्चों और स्कूलों को पुरस्कृत करने के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा, देश के हर बच्चे को अगर अच्छी शिक्षा दे दी जाए, तब यह बच्चे ही देश को विकसित बना देने वाले हैं। दिल्ली में हमने सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर यह दिखा दिया है। देश के अंदर अमीर और गरीब सभी बच्चों को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए। हमारी सरकार ने दिल्ली के अंदर सभी बच्चों को एक जैसी शिक्षा उपलब्ध कराने की उपलब्धि हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के अंदर आई शिक्षा क्रांति का श्रेय सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को जाता है। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 60-70 हजार शिक्षक काम करते हैं हमारी सरकार ने सरकारी स्कूलों में अच्छा माहौल दिया। वर्तमान में दिल्ली के सरकारी स्कूलों के अंदर सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं हैं। शिक्षकों को सम्मान मिलता है। इतना ही नहीं शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम और विदेशों में भेजा जाता है। इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, हम अपने स्कूलों में जो देख रहे हैं, वह सिर्फ आज की तस्वीर नहीं है, बल्कि आने वाले सालों में हमारे देश की क्या तस्वीर होने वाली है, वह दिखाती है। आज हमारे स्कूलों में पढ़ाई का जो माहौल है। बच्चों में जिस एक्सीलेंस को देख रहे है। शिक्षकों के टीचिंग-लर्निंग के तरीकों में जो बदलाव देख रहे हैं, इन सब पर बहुत गर्व होता है।

## सोनोग्राफी की गलत रिपोर्ट देने पर जुर्माना 15 लाख रुपये का

नई दिल्ली। मेडिकल रिपोर्ट गलत देने वाले पर उपभोक्ता फोरम ने सख्ती दिखाते हुए लाखों का जुर्माना भरने को कहा है। दरअसल गर्भवती महिला की अल्ट्रा सोनोग्राफी टेस्ट रिपोर्ट गलत देने को लेकर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने डॉक्टर और अस्पताल पर साढ़े सात-साढ़े सात लाख यानी कुल 15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि पीड़ित महिला को मुआवजे के तौर पर देने को कहा गया है। जानकारी अनुसार राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के एपी शाही की अध्यक्षता वाली पीठ का कहना है कि अल्ट्रा सोनोग्राफी इसलिए कराई जाती है, ताकि गर्भ में पल रहे शिशु के शारीरिक विकास में विकार संबंधी जानकारी से अवगत हुआ जा सके। ऐसे में डॉक्टर व संबंधित अस्पताल की रिपोर्ट में बच्चे के लिंब को नार्मल बताना, जबकि ऐसा नहीं था। पीठ ने माना कि सोनोग्राफी टेस्ट करते समय घोर लापरवाही बरती गई थी, जिसकी वजह से बच्चा अपंग पैदा हुआ। उस बच्चे के घुटनों के नीचे से दोनों पैर नहीं थे और एक हाथ भी कुहनी के नीचे से गायब था। इस हालत में बच्चा जीवनभर स्पेशल नर्स केयर में रहेगा। इसकी वजह से उसके माता-पिता को भी जीवन भर मानसिक प्रताड़ना सहने को मजबूर होना पड़ा। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए पीठ ने कहा कि इसे नकारा नहीं जा सकता। अत- राष्ट्रीय आयोग ने इस मामले में राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा डॉक्टर व अस्पताल पर लगाए गए 75-75 हजार रुपए के जुर्माने को नाकाफी बताया और उसे कुल 15 लाख रुपये बतौर जर्माना भरने को कहा है।

## दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में घर में आग, 5 लोंगों की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में गुरुवार को एक घर में आग लगने से 3 महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई। अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार रात 8.07 बजे जेडपी ब्लॉक से एक घर में आग लगने की सूचना मिली थी। आग 4 मंजिली इमारत की ऊपरी मंजिल और पहली मंजिल पर लगी थी। गर्ग ने बताया कि हमने 7 लोगों को घर से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जिनमें से 4 लोगों के मरने की आशंका है। आग बुझ गई है।

# सीएम हिमंत बिस्वा शरमा और राहुल गांधी के बीच जुबानी जंग, दोनों ने एक दूसरे को बताया भ्रष्ट





**गुवाहाटी (एजेंसी)।** सियासी जंग में एक दूसरे को भ्रष्ट बताना सबसे आसान है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने गांधी परिवार को देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है बताया है। साथ ही कहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा नहीं है वो मियां यात्रा है। राहुल वहीं जा रहे हैं जहां सबसे ज्यादा मुसलमान रह रहे हैं। इधर राहुल गांधी ने असम की हेमंत बिस्वा शरमा सरकार पर हमला बोलते कहा है कि देश की सबसे भ्रष्ट असम सरकार है।

मियां असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। इससे पहले गुरुवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा नगालैंड से असम में प्रवेश कर गई। दिन की शुरुआत में यात्रा को औपचारिक रूप देते हुए, असम के शिवसागर जिले में ध्वज सौंपने का समारोह हुआ। नगालैंड कांग्रेस के अध्यक्ष ने असम कांग्रेस अध्यक्ष को ध्वज सौंपा। यात्रा के दौरान राज्य बदलते ही ध्वज सौंपने की रस्म चलती रहेगी। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा-आरएसएस देश और हर राज्य में अन्याय कर रहे हैं। चाहे वह राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक अन्याय हो। मणिपुर नागरिकों के बीच खूनी संघर्ष नौ महीनों से झेल रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी तक इस क्षेत्र का दौरा नहीं किया है, जैसे यह राज्य देश का हिस्सा ही न हो। नगालैंड में पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण वादे किए थे। नौ साल पहले उन्होंने रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। आज, नगालैंड में कई लोग यह जानने को उत्सुक हैं कि उस समझौते का क्या हुआ। उन्होंने कहा, असम भी इसी तरह हालात का सामना कर रहा है। असम में यकीनन, भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार है। नगालैंड में हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और मैं असम में भी ऐसी ही उम्मीद कर रहा हूं। राहुल गांधी ने कहा कि श्रीमंत शंकरदेव ने सभी को एक साथ लाने की कोशिश की थी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी वही काम कर रही है।

## पीएम मोदी की लोगों से अपील, 22 जनवरी को घरों में राम ज्योति जलाएं

सोलापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में अमृत 2.0 योजना का उद्घाटन किया। अमृत 2.0 योजना के तहत देश के सभी वैधानिक कस्बों में सभी घरों में कार्यात्मक नल के माध्यम से जल आपूर्ति की सार्वभौमिक कवरेज और सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन की कवरेज प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। वहीं इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



एकनाथ शिंदे ने प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया, राज्यपाल रमेश बैस और उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और अजित पवार भी मौजूद रहे। सोलापुर में पीएम मोदी ने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाएं और अपने घरों में दीप जलाएं। मैं भगवान राम से प्रार्थना करता हूं कि वह आप सभी को खुश रखें। हम सत्ता में आने के बाद पहले दिन से ही देश में सुशासन और रामराज लाने की कोशिश कर रहे हैं। हम गरीबों के कल्याण, श्रमिकों के सम्मान में विश्वास करते हैं; मैं आपसे कहना चाहता हूं कि हमेशा बड़े सपने देखें। ये मेरी गारंटी है, आपके सभी सपने पूरे होंगे।

# खड़गे ने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव विचार का हम विरोध करते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम 'एक राष्ट्र, एक चुनाव विचार का विरोध करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि इस विचार को दरकिनार कर हाई पावर कमेटी को तत्काल भंग करे। कांग्रेस प्रमुख खड़गे ने इस बाबत 'वन नेशन वन इलेक्शन' के लिए उच्च स्तरीय समिति के सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि कांग्रेस 'वन नेशन वन इलेक्शन' के विचार का कड़ा विरोध करती है।

दरअसल, खड़गे का यह पत्र उस वक्त में आया है, जब बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति के प्रमुख रामनाथ कोविंद ने एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्तों (सीईसी) और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ विचार-विमर्श शुरू किया। उनकी बैठकें समिति द्वारा इस मुद्दे पर जनता की राय मांगने के कुछ दिनों बाद हुई हैं।

उच्च स्तरीय समिति प्रमुख पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने दिल्ली में मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुनीश्वर नाथ भंडारी से मुलाकात की। बयान में कहा गया कि एक राष्ट्र एक चुनाव पर विचार-विमर्श जारी रख उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष कोविंद ने दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोरला रोहिणी और पूर्व सीईसी सुशील चंद्रा के साथ चर्चा की।

जब चंद्रा और न्यायमूर्ति रोहिणी ने कोविंद से मुलाकात की तब विधि सचिव नितेन चंद्रा भी मौजूद थे। चंद्रा उच्च स्तरीय समिति के सचिव भी हैं। बयान में कहा गया है कि परामर्श प्रक्रिया आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी। सूत्रों ने कहा कि चंद्रा ने एक साथ चुनाव कराने के विचार का समर्थन कर कहा कि इससे शासन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी क्योंकि सरकारों को नीतियां बनाने और लागू करने के लिए अधिक समय मिलेगा।

उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से जनता की असुविधा कम होगी, मानव संसाधनों के उपयोग में सुधार होगा और बार-बार चुनाव कराने पर होने वाले खर्च में कमी आएगी। समिति पहले ही इस मुद्दे पर जनता और राजनीतिक दलों से सुझाव मांग चुकी है और उनपर विचार कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, संवैधानिक विशेषज्ञों और पूर्व सीईसी सहित प्रख्यात न्यायविदों से भी उनके विचार जानने के लिए संपर्क किया गया है। पिछले साल सितंबर 2023 में गठन के बाद से समिति की अब तक दो बैठकें हो चुकी हैं। समिति ने हाल में राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर एक साथ चुनाव कराने के विचार पर उनकी राय मांगी थी और 'परस्पर सहमत तिथि' पर बातचीत के किए कहा था। बाद में समिति ने पार्टियों को एक अनुस्मारक भेजा था।

## महुआ मोइत्रा को नहीं मिली राहत... खुद खाली किया सरकारी बंगला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीएमसी नेता और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने नई दिल्ली में 9बी टेलीग्राफ लेन स्थित सरकारी बंगले को शुक्रवार सुबह 10 बजे तक खाली कर दिया। गुरुवार को उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट से उस समय झटका लगा, जब कोर्ट ने खाली करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका को खारिज किया था। शुक्रवार को बेदखली की कार्रवाई होनी थी, लेकिन उसके पहले ही उन्होंने उस बंगले को खाली कर दिया। महुआ के वकील शादान फरासत ने इसकी जानकारी दी है।

बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को टीएमसी नेता महुआ की सरकारी आवास खाली कराने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। इसके पहले मोइत्रा को नई दिल्ली में सरकार द्वारा आवंटित आवास खाली करने के लिए नया नोटिस मिला था।

आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत संपत्ति निदेशालय ने महुआ मोइत्रा को तीन-तीन नोटिस भेजा था। उन्हें अपना आधिकारिक बंगला खाली करने को कहा गया था। यह नोटिस उन्हें लोकसभा से निष्काषित किए जाने के बाद भेजा गया था। शहरी विकास मंत्रालय ने इस साल 11 जनवरी को महुआ को दूसरा नोटिस दिया था। टीएमसी नेता ने दिल्ली में उनके सरकारी आवास रद्द करने वाले संपत्ति निदेशालय द्वारा जारी नोटिस रद्द करने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

चिकित्सा कारणों का हवाला देकर निष्कासित लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली हाईकोर्ट से आग्रह किया था कि उनके निष्कासन के बाद आवंटन रद्द होने पर अधिकारियों को उन्हें सरकारी बंगले से बेदखल करने से रोका जाए। टीएमसी नेता ने अनुरोध किया था कि फिलहाल उन्हें सरकारी आवास से बाहर न निकले क्योंकि वह अकेली महिला हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मोइत्रा के वकील ने कहा कि उनकी सर्जरी हुई है। वह एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी है।

## गुजरात कांग्रेस को एक और झटका, सीजे चावडा ने विधानसभा की सदस्यसता दिया इस्तीफा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। मेहसाणा की विजापुर क्षेत्र से विधायक सीजे चावडा ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और उनके जल्द ही भाजपा जॉइन करने की चर्चा है7 2022 में विधानसभा चुनाव जीतने वाले कांग्रेस के 17 विधायकों में सीजे चावडा की गिनती दिग्गज नेताओं में होती थी। बतौर विपक्ष सीजे चावडा सरकार के खिलाफ मजबूती के साथ अपनी बात रखते थे। लेकिन अब सीजे चावडा का इस्तीफा कांग्रेस के लिए बड़ी चिंता का विषय है और वह भी ऐसे समय जब लोकसभा चुनाव के आडे गिनती के दिन रह गए हैं।

बता दें कि इससे पहले आणंद जिले की खंभात निर्वाचन क्षेत्र के विधायक चिराग पटेल भी विधानसभा की सदस्यता समेत कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं। कांग्रेस ही नहीं आम आदमी पार्टी (आप) के भी एक विधायक ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इतना ही नहीं आप के एक अन्य विधायक के भी जल्द ही इस्तीफा देने की संभावना है। इसी सप्ताह तीन निर्दलीय विधायक बी इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। संभावना है कि अगले सप्ताह कांग्रेस और आप में इस्तीफों का दौर जारी रह सकता है। गुजरात भाजपा राज्य की सभी 26 सीटें और वह भी 5 लाख की लीड से जीतना चाहती है और इसके लिए उसने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को ज्यादा से ज्यादा कमजोर करना चाहती है।

भाजपा ने पिछले काफी समय से अपने नेताओं को कांग्रेस और आप के विधायकों को तोड़ने का टास्क दिया है। भाजपा ने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भरत बोधरा समेत 6 नेताओं को यह टास्क सौंपा है। लोकसभा चुनाव निकट हैं और गुजरात में दल बदल के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। कांग्रेस और आप के एक के बाद एक विधायकों के इस्तीफे स्पष्ट हो जाता है कि भाजपा अपना लक्ष्य पाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। आज सीजे चावड़ा के इस्तीफे से 182 सीटों गुजरात विधानसभा कांग्रेस विधायकों की संख्या घटकर 15 रह गई है। जबकि आप के 4 विधायक रह गए हैं7 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 156, कांग्रेस ने 17 और आप ने 5 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

# लाल सागर में व्यापारिक समूहों पर हमला, चितिंत भारत ने कहा, हम स्थिति पर बनाए हुए हैं नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यमन के विद्रोही समूह हूती ने लाल सागर में व्यापारिक समूहों पर हमला किया है, जिससे तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच यमन में राष्ट्रपति परिषद के उप नेता ने विदेशी मदद भी मांगी है। उन्होंने कहा कि सैन्य बलों के अभियान के खिलाफ वे जमीनी अभियान शुरू करना चाहते है। बता दें कि हूती ने 19 जनवरी की सुबह दावा किया है कि अदन की खाड़ी में एक अमेरिकी जहाज पर उनकी नौसेना ने हमला किया है।

दावे के बाद अमेरिका भी चुप नहीं रहा और हूती ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि जिस मिसाइल से हमला हुआ वहां अमेरिकी जहाज को छूने से चूक गई।

बता दें कि ये एक सप्ताह में दूसरा मौका है, जब अमेरिका द्वारा हूती एंटी शिप मिसाइलों के खिलाफ ताजा हमले शुरू होने के एक दिन बाद ही हूतियों ने उसके जहाज पर हमला किया है। भारत ने लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति को ''गंभीर चिंता का विषय बताकर कहा कि वह क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के घटनाक्रम पर पैनी नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी उस वक्त आई है, जब अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर ड्रोन हमला होने के बाद भारतीय नौसेना का मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस विशाखापत्तनम' तुरंत मदद के लिए आगे आया, जहाज पर नौ भारतीयों सहित चालक दल के 22 सदस्य सवार थे। जायसवाल ने कहा, ''हम पूरी स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। यह न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है। वह लाल सागर की स्थिति पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। लाल सागर का रणनीतिक महत्व है क्योंकि वैश्विक व्यापार का लगभग 15 प्रतिशत बाब अल-मंडब जलडमरूमध्य के माध्यम से गुजरता है।



# बिहार के बाद इस राज्य ने भी शुरू किया जाति सर्वेक्षण, 10 दिनों में 16 मिलियन से अधिक को किया जाएगा कवर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को लोगों का एक व्यापक जाति-आधारित डेटाबेस बनाने के उद्देश्य से 'जाति सर्वेक्षण' की 10-दिवसीय लंबी कवायद शुरू की, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इसके द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। जाति सर्वेक्षण की शुरुआत वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी द्वारा विजयवाड़ा में डॉ. बी आर अंबेडकर की 125 फुट ऊंची प्रतिमा के अनावरण के साथ हुई, जिसे दलित समुदाय पर प्रभाव डालने के लिए 'सामाजिक न्याय की प्रतिमा' नाम दिया गया है।

राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सीएच श्रीनिवास वेणुगोपाल कृष्णा ने गुरुवार शाम राजमुंदरी में संवाददाताओं से कहा कि बिहार के बाद व्यापक जाति सर्वेक्षण करने वाला आंध्र प्रदेश देश का दूसरा राज्य होगा। कृष्णा ने कहा कि इससे राज्य सरकार को सबसे पिछड़े वर्गों की पहचान करने में मदद मिलेगी ताकि कल्याणकारी योजनाओं को लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाया जा सके। मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है कि तीन लाख से अधिक गांव और वार्ड सचिवालय कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की मदद से घर-घर सर्वेक्षण के माध्यम से डेटा सटीक रूप से एकत्र किया जाए। राज्य के प्रमुख सचिव (योजना) एम गिरिजा शंकर ने कहा कि ये गांव और वार्ड सचिवालय कर्मचारी और स्वयंसेवक 19 जनवरी के बीच कुल मिलाकर 12.30 मिलियन परिवारों को कवर करेंगे, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 3.56 करोड़ आबादी और शहरी क्षेत्रों में लगभग 1.3 करोड़ आबादी वाले 4.44 मिलियन परिवार शामिल हैं।

# मौसम विभाग ने बताए कारण.... जिसके चलाते उत्तर भारत में पड़ रही भीषण सर्दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में साल 2024 में ठंड का रूप कुछ बदला-बदला दिख रहा है। इस बार पहाड़ पर बर्फ नहीं है, मैदानी इलाकों में बारिश नहीं है, लेकिन ठंड ने फिर भी आफत मचा रखी है। इस बार उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में भीषण शीतलहर का सितम है। यहां 29 दिसंबर से अधिकतम तापमान सामान्य से 5-8 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया, जिससे कंपकंपा देने वाली ठंड पड़ी।

29 दिसंबर से लगातार सूरज गायब रहा और शीतलहर और कोहरा अपने शबाब पर रहे। 7-8 जनवरी के दौरान थोड़ी राहत महसूस की गई, जो कि पश्चिमी विक्षोभ से प्रभावित थी, लेकिन 8 जनवरी के बाद फिर ठंड की वहीं स्थिति लौट आई। इसके साथ ही 12 से 17 जनवरी के बीच उत्तर पश्चिम भारत के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया।

14 जनवरी को कोहरे की चादर अपने चरम पर पहुंच गई, जिससे उत्तर भारत के मैदानी इलाके अमृतसर से डिब्रूगढ़ और पूरे हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में विजिबिलिटी जीरो हो गई। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिम भारत पर किसी भी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की कमी, प्रचलित अल-नीनो की स्थिति और एक मजबूत जेट स्ट्रीम शामिल है। आमतौर पर दिसंबर से जनवरी तक उत्तर पश्चिम भारत में 5-7 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस होते हैं। जो जमा देने वाली ठंड को कम करते हैं। हालांकि, इस सर्दी में इसबार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अनुपस्थित रहे। इस बार केवल दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस दिखाई दिए। एक दिसंबर में और दूसरा जनवरी में जिनका प्रभाव गुजरात, उत्तरी महाराष्ट्र, पूर्वी राजस्थान और मध्य प्रदेश तक सीमित रहा। इसके अलावा पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सामान्य से कम बारिश होने से कड़ाके की ठंड और बढ़ गई है। इस क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी में भारी कमी देखी गई, जो औसत से लगभग 80 प्रतिशत कम थी, जिससे शीतलहर की तीव्रता बढ़ गई। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस में कमी को भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के ऊपर प्रचलित अल-नीनो स्थितियों के लिए भी जिम्मेदार



ठहराया जा सकता है। यह घटना उत्तर भारत में कम शीतलहर के दिनों को दर्शाती है, यह प्रवृत्ति वर्तमान मौसम में भी ध्यान देने योग्य है।

इसके अलावा उत्तर भारत में समुद्र तल से 12 किमी ऊपर, लगभग 250-320 किमी प्रति घंटे की गति से चलने वाली तेज जेट स्ट्रीम हवाओं ने ठंड के मौसम को बढ़ा दिया है। मजबूत जेट स्ट्रीम पैटर्न जारी रहने की संभावना है, जिससे अगले कुछ दिनों तक उत्तर भारत में लगातार ठंड पड़ने का अनुमान है।

# स्किन से करती हैं प्यार तो इन फूड्स को कहें ना



क्या आपको लगातार स्किन केयर प्रोडक्ट्स लगाने से भी लाभ नहीं मिल रहा है,? क्या आप लगातार कील-मुंहासों व अन्य स्किन प्रॉब्लम्स से जूझ रही हैं? क्या एक अच्छा स्किन केयर रूटीन भी आपकी स्किन को ग्लोइंग नहीं बना रहा है? क्या आप बार-बार अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स बदल-बदलकर थक चुकी हैं? अगर इन सभी सवालों का जवाब हां है, तो हो सकता है कि आप अपने आहार पर ध्यान ना दे रही हों। आपको शायद पता ना हो, लेकिन आपका खान-पान सिर्फ आपकी सेहत ही नहीं, बल्कि स्किन को भी प्रभावित कर सकता है।

**प्रोसेस्ड मीट**

प्रोसेस्ड मीट जैसे बेकन या हॉटडॉग में नाइट्रेट और सोडियम काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है। यह दोनों ही स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। नाइट्रेट आपकी स्किन में सूजन और झुर्रियों की वजह बन सकता है, वहीं सोडियम की अधिकता स्किन को समय से पहले बूढ़ा और रूखा बना सकती है।

**गाय के दूध से बने डेयरी उत्पाद**

यूं तो डेयरी प्रोडक्ट को सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन गाय के दूध से बने डेयरी प्रोडक्ट्स आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गाय का दूध और गाय के दूध से बने अन्य डेयरी उत्पाद इंसुलिन के स्तर को बढ़ाते हैं। जो कोर्टिसोल के स्तर को बढ़ाता है और सीबम उत्पादन को क्रैंक करता है। जिससे आपको स्किन में एक्ने व ब्रेकआउट्स की समस्या हो सकती है।

**कैफीन**

अधिकतर लोग अपने दिन की शुरुआत चाय या कॉफी से करते हैं। लेकिन कैफीन की अधिकता स्किन के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। इससे आपकी स्किन पर फाइन लाइन्स व झुर्रियां नजर आ सकती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कैफीन आपकी त्वचा को निर्जलित कर सकता है। जिससे आपकी स्किन अधिक थिन हो सकती है और उसमें रिंकल्स नजर आ सकते हैं।

## सेंसिटिव स्किन के लिए प्रिटी फेस रेजर

क्या आपकी त्वचा पर अक्सर लालगी और रैशेज हो जाते हैं, तो हो सकता है कि आपकी त्वचा बेहद सेंसिटिव हो। ऐसी त्वचा की देखभाल करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में आपको चेहरे के अनचाहे बाल निकालने के लिए सुरक्षित और माइल्ड तरीका अपनाना चाहिए। आपकी इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए जापान के प्रमुख रेज़र एवं ब्यूटी टूल्स के ब्राण्ड काई लेकर आएं हैं, प्रिटी फेस रेज़र, जिन्हें खासतौर पर लड़कियों की सेंसिटिव त्वचा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इस रेज़र के साथ आपको चेहरे के अनचाहे बालों की निकालने की चिंता बिल्कुल नहीं सताएगी। काई प्रिटी फेस रेज़र में परफेक्ट साइज़ का शेविंग हैड है, जिससे आपके चेहरे के हर कोने को ग्रूम करना बेहद आसान हो जाता है। इसके इस्तेमाल के दौरान त्वचा कटने या जलन की संभावना नहीं होती और बड़ी ही आसानी से आपकी त्वचा एकदम स्मूद हो जाती है। इसके इस्तेमाल के बाद आपको त्वचा पर लालगी, रैश आदि की कोई समस्या नहीं होगी। इतना हीं नहीं पॉलीप्रोपाइलीन से बना इसका कुशन्ड हैंडल बेहतरीन ग्रिप देता है, जिससे रेज़र आपकी त्वचा पर आसानी से चलता है। आप चेहरे के सबसे मुश्किल हिस्सों के बाल भी आसानी से निकाल सकती है, यहां तक कि आप अपनी आईब्रोज़ को भी ग्रूम कर सकती हैं।

इस अवसर पर राजेश यू. पंड्या, मैनेजिंग डायरेक्टर, काई इंडिया ने कहा, 'लड़कियों की सेंसिटिव त्वचा को ध्यान में रखते हुए ये रेज़र डिज़ाइन किए गए हैं, जो हर तरह की त्वचा पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं। बहुत सी महिलाओं की त्वचा सेंसिटिव होती है और उनके चेहरे पर सख्त काले बाले होते हैं, इन बालों को निकालने के लिए वे जो तरीके अपनाती हैं, उनमें समय लगता है, और अक्सर दर्द भी होता है। हम आज की शहरी महिलाओं के लिए यह नया प्रोडक्ट प्रिटी फेस रेज़र लेकर आए हैं, इसके मदद से आप जब चाहें अपने चेहरे के अनचाहे बाहों को आसानी से निकाल सकती हैं और उनकी सेंसिटिव त्वचा को कोई नुकसान नहीं होगा।'

# एवरग्रीन ब्यूटी कैसे हासिल करें

**बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा 69 साल की उम्र में भी अपने से छोटी उम्र की अदाकाराओं को टक्कर देती हैं। रेखा अपने स्टाइल से हर पार्टी में चार चांद लगा देती हैं। हर कोई उनको फॉलो करना चाहता है। रेखा को साड़ियों का काफी शौक है जिसका अंदाजा उनके लुक्स से लगाया जा सकता है। कुछ लोग साड़ी पहनने के बाद एक्ट्रेस की तरह ही खुद को स्टाइल करना चाहते हैं। ऐसे में यहां कुछ टिप्स दिए हैं जिनकी मदद से आप खुद को रेखा की तरह स्टाइल की जा सकती हैं।**

### गोल्डन गर्ल

कांजीवरम साड़ी का हमारे संस्कृति में काफी विशेष महत्व है। ये हमारी परंपरा को आगे बढ़ाता है । बॉलीवुड दिवा की तरह खुद को स्टाइल करने के लिए आप कांजीवरम साड़ी को चुनें। इसमें गोल्ड के किसी भी रंग की साड़ी को चुन सकते हैं।

### बोल्ड मेकअप

एक्ट्रेस का हेयरस्टाइल और मेकअप लोगों को खूब पसंद आता है। उनके मेकअप में लाल लिपस्टिक काफी बोल्ड लगती है। अपने लुक को ग्रेसफुली क्रिएट करने के लिए आप अपने बालों में लाल गुलाब लगा सकते हैं। इसके अलवा आप बालों में गजरा भी लगा सकती हैं।



### जूलरी हमेशा होती है खास

रेखा के लुक में जूलरी काफी खास होती है। उनके पास हर लुक के लिए हमेशा स्टेटमेंट ज्वैलरी होती है। फिर चाहें वह टेंपल सेट हो या कोई और तरह का चोकर हो। एक्ट्रेस के लुक में मांग टीका हमेशा खास होता है।

### पोटली बैग

रेखा के पोटली बैग उनके लुक का उतना ही खास हिस्सा हैं जितना कि उनकी बेशकीमती रेशम की साड़ियां। ट्रेडिशनल लुक में पोटली बैग काफी अच्छा लगता है।

# रेड वाइन निखारती है आपकी स्किन

**अल्कोहल को सेहत के लिए बेहद ही नुकसानदायक माना जाता है। इससे व्यक्ति को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन यह आपकी स्किन व सेहत की कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं। खासतौर से रेड वाइन को ब्यूटी केयर के लिए काफी अच्छा माना गया है।**



### बेनिफिट्स

रेड वाइन स्किन की खूबसूरती निखारने में बेहद मददगार है। इसमें फ्लेवोनोइड, रेस्वेराट्रोल और टैनिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। साथ ही, यह कोलेजन और इलास्टिक फाइबर को रिस्टोर करके स्किन को उम्र बढ़ने से बचाता है। इतना ही नहीं, रेड वाइन में प्राकृतिक एएचए और एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं जो आपके पोर्स को क्लीन करके एक्ने को दूर करते हैं, जिससे ब्रेकआउट की समस्या भी दूर होती है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

रेड वाइन को स्किन पर अप्लाई करने के लिए आप सबसे पहले इसे कॉटन पैड पर लें और फिर इसे हल्के से चेहरे पर लगाएं। अब आप इसे 20 मिनट तक ऐसे ही रहने दें और फिर माइल्ड क्लींजर से धो लें।

### हेयर बेनिफिट्स

रेड वाइन स्किन के साथ-साथ बालों के लिए भी बेहद लाभदायक है। इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सिडेंट केराटिन के निर्माण में मदद करते हैं। साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट आपको स्वस्थ और चमकदार बाल देने में मददगार है। साथ ही, यह डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करके उन्हें फिर से लाइफ देता है। अगर आप रेड वाइन को हेयर केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इससे हेयर फॉल की समस्या दूर होती है और यह रूसी को भी कम करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

रेड वाइन को हेयर केयर रूटीन में शामिल करना बेहद ही आसान है। इसके लिए आप बालों को शैम्पू और कंडीशन करने के बाद रेड वाइन की मदद से रिंस करें। इससे आपके बालों में एक गजब की चमक आएगी और कई तरह की हेयर प्रॉब्लम्स दूर होंगी।

# सर्दियों में काम के बाथिंग रूल्स

### हर दिन नहाएं

भले ही बहुत ठंड हो या आप आलसी महसूस कर रहे हों, लेकिन फिर भी हर दिन गर्म पानी से नहाएं। गर्म पानी से नहाने से आपके शरीर पर हाइपरथर्मिक प्रभाव पड़ता है। सर्दियों के दौरान हर दिन नहाना चाहिए, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको ज्यादा नहाना चाहिए, क्योंकि इससे आपकी स्किन ड्राई हो सकती है और इससे सर्दी भी हो सकती है।

### सही तापमान

गर्म पानी है और फिर बहुत गर्म पानी दोनों के बीच का अंतर बहुत मायने रखता है। आपकी स्किन में नेचुरल माइक्रोबायोटा और पीएच लेवल हेल्दी माइक्रोब्स द्वारा बनाए रखा जाता है। गर्म पानी से नहाने से ये हेल्दी माइक्रोब्स नष्ट हो सकते हैं। ऐसा करने पर आपकी स्किन सूख सकती है, खुजली और चकत्ते हो सकते हैं और यहां तक कि आपकी स्किन में दरार भी आ सकती है। इसलिए गुनगुने पानी या थोड़े गर्म पानी से ही नहाएं।

### मॉइश्चराइज

सर्दियों के दौरान स्किन को मॉइस्चराइज करना बेहद जरूरी है। एक अच्छा मॉइस्चराइजर लें और सुनिश्चित करें कि नहाने के तुरंत बाद इसे लगाएं। सर्दियों के दौरान आप ग्लिसरीन लगा सकते हैं। ये आपकी त्वचा में नमी को लॉक करता है। चाहें तो घी, जैतून का तेल, नारियल का तेल भी लगा सकते हैं।

### स्क्रब न करें

सर्दियों के दौरान आपकी स्किन ड्राई और सेंसेटिव हो जाती है, ऐसे में नहाते समय लूफा से बहुत जोर से स्क्रब न करें। यहां तक कि आपकी स्किन को बहुत ज्यादा कस के सुखाने से भी बचें।



# स्पेशल फेस पैक से मेकअप के बाद भी खराब नहीं होगी स्किन

स्किन का अगर सही तरह से ख्याल न रखा जाए तो ये धीरे-धीरे खराब होने लगती है। खासकर तब जब आप रोजाना मेकअप करते हैं। मेकअप के बाद स्किन को स्पेशल केयर की जरूरत होती है, ताकी चेहरे की चमक बनी रहे। ऐसे में आप घर के बने फेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने पर स्किन खूबसूरत बनी रहेगी।

### इस घरेलू फेस पैक का करें इस्तेमाल

घंटों मेकअप के बाद स्किन को केयर की जरूरत होती है। ऐसे में आप हल्दी और शहद मिक्स कर फेस मास्क बना सकती हैं। इस फेस पैक को महीने में एक बार अप्लाई करें। हल्दी और शहद दोनों ही स्किन के लिए काफी अच्छे होते हैं। ये चीजें स्किन को काफी हद तक ग्लोइंग बना देती हैं।

### इस फेस पैक से चमकाएं चेहरा

अच्छी स्किन के लिए आपको थोड़े बहुत एफर्ट तो करने ही पड़ते हैं। अगर आप बहुत ज्यादा मेकअप करती हैं या फिर आपकी स्किन पर घंटों मेकअप रहता है तो आप क्ले मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं।



ये स्किन से सभी तरह की इम्प्योरिटी को खत्म करने में मदद करते हैं। आप घर में भी क्ले मास्क बना सकते हैं। स्किन को खुबसूरत बनाए रखने के लिए हफ्ते में अलग-अलग तरह के क्ले मास्क ट्राई किए जा सकते हैं।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

स्किन को खूबसूरत और फ्लॉलेस बनाए रखने के लिए आपको कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए जैसे दिन भर में खूब सारा पानी पीना। अगर आप दिन भर में खूब पानी पीते हैं तो स्किन पर एक अलग चमक देखने को मिलेगी। इसी के साथ अपने खाने-पीने के शेड्यूल पर ध्यान दें और सबसे जरूरी ये की क्या खा रहे हैं इस पर नजर रखें। अपने रोजाना के रूटीन में बेसिक स्किन केयर को फॉलो करें।

# नाखूनों को हेल्दी बनाने के उपाय

**आज के समय में महिलाएं अपने नेल्स को आकर्षक बनाने के लिए जेल मेनीक्योर से लेकर नेल एक्सटेंशन का सहारा लेती हैं। इसके कारण कुछ समय के लिए नेल्स भले ही खूबसूरत लगे, लेकिन इसके कारण आपके नेल्स कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में जरूरत होती है कि आप अपने नेल्स को अतिरिक्त ख्याल रखें। नेल्स को हेल्दी बनाए रखने के लिए उनकी केयर करनी बेहद जरूरी होती है।**





### पपीते का कमाल

पपीते में एंजाइम होते हैं, जो प्रोटीन टिश्यू को साफ्ट बनाते हैं और इसलिए यह क्यूटिकल्स के लिए लाभदायक है। स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि बस आप पपीते को मैश करके इसमें नींबू का रस और विनेगर मिक्स करें। अपने नाखूनों को इस मिश्रण में कम से कम 20 मिनट के लिए भिगोएं और फिर अपने नेल्स और आसपास की त्वचा की मालिश करें। इस उपचार को प्रभावी परिणाम के लिए कम से कम सात दिनों तक इस उपाय को अपनाएं।

### गुलाब जल

नेल केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि गुलाब जल में एंटी-सेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल व एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं, जिसके कारण यह नाखूनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह नाखूनों के अंदरूनी भाग को साफ करता है और इसे हर समय पोषण और नमी युक्त रखता है। बस अआपको केवल अपनी उंगलियों को अच्छी तरह से साफ करने के बाद नियमित रूप से उपयोग करने की आवश्यकता है। फिर आपको कुछ ही दिनों में हेल्दी नेल्स मिलेंगे।

### लहसुन

लहसुन आपके कमजोर नाखूनों को मजबूती देने में काफी मदद करता है। इस घरेलू उपाय को अपनाने वाली महिलाओं का कहना है कि आप लहसुन को कई विभिन्न तरीकों से अपने नाखूनों पर इस्तेमाल कर सकती हैं। मसलन, आप लहसुन को दो हिस्सों में काटकर उसे नाखूनों के अंदरूनी भाग पर रगड़कर लगाएं। इसके अलावा, आप एक लहसुन की फली भी काट सकती हैं और उसमें से रस निकालकर इसका इस्तेमाल नेल हार्डनर के रूप में करें।

### विनेगर आएगा काम

अगर आप अपने क्यूटिकल्स को सॉफ्ट बनाना चाहती हैं तो ऐसे में विनेगर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए पहले आप अनानास का टुकड़ा लेकर उसे अच्छी तरह मैश करें।

इसके बाद इसमें सिरका मिलाएं। अब अपने नेल्स को क्यूटिकल्स तक इस मिश्रण में डुबोएं और फिर अपने नेल्स की मालिश करें।



# अलौकिक, अद्वितीय अयोध्या

## समग्र विकास

₹31 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं से संवर रही अयोध्या

₹1,919 करोड़ से जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 4 खंडों का दोहरीकरण

₹1,463 करोड़ से महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम

₹241 करोड़ से अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

₹845 करोड़ से राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक) का निर्माण

₹246 करोड़ से राजर्षि दशरथ स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या का निर्माण

₹75 करोड़ से बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण

₹68 करोड़ से भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्री राम जन्मभूमि तक) का निर्माण

चौरासी, चौदह एवं पंच कोसी परिक्रमा पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण


महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम


अयोध्या धाम जंक्शन


महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल


सूर्य कुण्ड द्वार

₹67 करोड़ से महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)

₹65 करोड़ से धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक) का निर्माण

₹45 करोड़ से एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार से टेढ़ी बाजार होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन रोड का निर्माण

₹41 करोड़ से श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि तक) का निर्माण

₹37 करोड़ से कलेक्ट्रेट परिसर में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन पार्किंग का निर्माण

₹34 करोड़ से पुलिस कर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण

₹20 करोड़ से अयोध्या-सुलतानपुर एनएच-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क का निर्माण

₹17 करोड़ से सोहावल क्षेत्र के पिखरौली ग्रामसभा में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना

₹17 करोड़ से अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश